नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 321 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 28 सितंबर 2022

पेज -3 पर सीएम भूपेश बघेल पहुंचे महामाया के दरबार प्रदेश की खुशहाली के ...

दैत्यों के संहार हेतु प्रगटी मां चंद्रघंटा-अरविन्द तिवारी पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### सब इंजीनियर गिरफ्तार, 50 हजार रिश्वत लेते पकड़ाया



**बीजापुर।** ACB ने सब इंजीनियर 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक प्रार्थी ने एसीबी जगदलपुर में शिकायत की थी कि प्रार्थी को ठेके में प्राप्त कार्यों के बिल का भुगतान करने के एवज में नगर पंचायत भैरमगढ़, जिला-बीजापुर में पदस्थ सब इंजीनियर मुकेश कुमार साव द्वारा 1,30,000/- रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। प्रार्थी और आरोपी के मध्य किस्तों में 1,30,000/- रूपये देने की सहमति बनी। शिकायत का सत्यापन होने पर आज प्रार्थी से मांगी गई रिश्वत की प्रथम किस्त रकम 50,000/- रूपये लेते मुकेश कुमार साव, सब इंजीनियर, नगर पंचायत भैरमगढ़, जिला-बीजापुर को उसके कार्यालय मे रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा-7(क), 12 भ्र0नि0अधि0 1988 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# वन विभाग कार्यालय परिसर से जब्तशुदा वाहन गायब

## लापरवाही की हदें पार, उठ रहे गंभीर सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**भ्रष्टाचार व विभागीय अधिकारियों की लापरवाही बरतने को लेकर सुर्खियों में रहने वाले वन विभाग में एक के बाद एक सनसनीखेज मामले सामने आ रहे हैं। वहीं कार्रवाई को लेकर विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली में भी कोई सुधार नहीं आया है।**



चोरी होने से पहले



चोरी होने के बाद



पहले की तरह या तो इस तरह की अधिकांश मामलों की फाइलें धूल फांकती रह जाती हैं या दिखावे के रूप में साधारण सी कार्रवाई कर दी जाती है। मंगलवार को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में दो बड़े मामले सामने आए। पहली घटना धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारूमा रेंज की है जहां जमाबीरा के जंगल में एक हाथी का पुराना शव बरामद हुआ। वहीं दूसरी सनसनीखेज घटना छाल वन परिक्षेत्र में सामने आई है जहां के कार्यालय परिसर में रखी एक जब्त वाहन को अज्ञात चोर उड़ा ले गए। इस गंभीर मामले में अधिकारी की मनमानी व लापरवाही की सीमा पार करने का खुलासा उस वक्त हुआ जब विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मामले में संबंधित रेंजर द्वारा सिर्फ मौखिक जानकारी दी गई है, लिखित में इस घटना की कोई सूचना नहीं दी गई है। हालांकि उन्होंने संबंधित अधिकारी के हवाले से यह भी बताया कि थाने में सूचना दी गई है। बता दें कि लकड़ी तस्करी का गढ़ माने जाने वाले छाल रेंज अंतर्गत बीते अगस्त माह में बीजा लकड़ियों के लठ्ठों से भरे पिकअप वाहन को विभाग द्वारा जब्त किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि छाल रेंज के गलिमार क्षेत्र में छापेमारी कर इस वाहन को विभागीय टीम द्वारा देर रात पकड़ा गया था और इस टीम का नेतृत्व खुद छाल रेंजर एम एस मर्सकोले





कर रहे थे। तब ली गई एक फोटो में छाल रेंजर अपनी टीम के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस कार्रवाई के संबंध में कई मीडिया समुहों में प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित हुआ। जिसके बाद विभाग द्वारा जब्त वाहन को राजसात किये जाने की कार्यवाही की जा रही थी। हालांकि विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक इस वाहन को राजसात किये जाने की फ़ाइल अब तक रेंज स्तर पर ही लटकी हुई है। इस बीच अज्ञात लोगों ने कार्यालय परिसर के भीतर से जब्त पिकअप वाहन को पार कर दिया। बता दें कि चोरों ने दबंगई के साथ विभागीय सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए कार्यालय के मेन गेट से वाहन को निकाल ले गए। जानकारी के अनुसार जिसके बाद इस मामले में कई संदिग्धों को कस्टडी में लेते हुए उनकी जमकर खातिरदारी की गई लेकिन विभाग के हाथ कुछ नहीं लगा। करीब आठ से दस दिन पहले हुई इस वारदात की जानकारी अब तक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं देना, पुलिस को जानकारी दिए जाने के बाद भी कोई एफ आईआर दर्ज नहीं होना यह बताता है कि मामले को दबाने के लिए संगठित तौर पर प्रयास किया गया। तो अब बात सुरक्षा व्यवस्था की करें तो यह सवाल लाजमी है कि क्या कार्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। ऐसा इसलिए कि जब्त वाहन के सामने के दोनों टायर व बैटरी निकाल लिया गया था तो चोरों ने कैसे इतनी आसानी से उस गाड़ी को परिसर से निकाल लिया। इतनी बड़ी घटना की जानकारी सिर्फ मौखिक रूप से अधिकारी को देना न सिर्फ अधिकारी के हद दर्जे की लापरवाही बल्कि उनके विभागीय कर्तव्यों के निर्वहन में घोर अनियमितता को भी दर्शाता है। सवाल वरिष्ठ अधिकारी पर भी खड़े होते हैं क्योंकि जब उन्हें इस बात की मौखिक रूप से जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने अपने स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि लिखित शिकायत का इंतजार करते रहे। इस पूरे मामले में धरमजयगढ़ एसडीओ बाल गोविंद साहू ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इस मामले की मौखिक जानकारी प्राप्त हुई है। संभवत: संबंधित अधिकारी के द्वारा थाने में भी सूचना दी गई है। आगे इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई किस पर की जाएगी का सवाल फिलहाल अनुत्तरित है। क्योंकि चोर अज्ञात हैं, गाड़ी गायब है। अब कार्रवाई के लिए बच गए विभाग के जिम्मेदार तो विभागीय जांच शुरू होने से पहले ही जब इस मामले को यथासंभव दबाने का सामुहिक प्रयास किया गया तो आगे इस मामले की जांच में वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यशैली क्या होती है यह देखना काफी दिलचस्प होगा।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति ऐतिहासिक महत्व को बताने की आवश्यकता: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** विश्व पर्यटन दिवस पर टूरिज्म कान्क्लेव 2022 में शामिल हुए मुख्यमंत्रीएक समय था जब छत्तीसगढ़ का नाम लेते हुए लोगों के जेहन में सिर्फ खनिज संसाधन और नक्सलियों का ख्याल आता था, लंबे समय तक छत्तीसगढ़ का पर्यटन उपेक्षित रहा और नया राज्य बनने के बाद भी पूरा ध्यान सिर्फ नक्सल समस्या पर ही था।





जबकि छत्तीसगढ़ में इतना सब कुछ है कि सिर्फ प्रकृति से मिले उपहारों को ही हम व्यवस्थित कर लें तो यह स्थान पर्यटकों की पहली पसंद बन जाएगा और हमारी सरकार इसी बात पर निरंतर काम कर रही है। यह उद्बोधन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित टूरिज्म कान्क्लेव 2022 के आयोजन के दौरान कही।

विश्व पर्यटन दिवस पर टूरिज्म कान्क्लेव 2022 में शामिल हुए मुख्यमंत्रीमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी घोषणा करते हुए राजीव गांधी मितान क्लब के सदस्यों को पर्यटन संबंधी प्रशिक्षण दिलाने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवा जब पर्यटन के प्रति जागरूक होंगे तो प्रदेश के पर्यटन को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा है कि छत्तीसगढ़ एक ऐसा प्रदेश है जिसकी गैर मौजूदगी में रामायण जैसी पौराणिक कथा भी अधूरी रह जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने अपने वनवास का अधिकतर समय छत्तीसगढ़ में ही गुजारा और यहीं पर उनकी मां कौशल्या निवास करती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ ही एक मात्र ऐसा राज्य है जहां देवताओं को भी सजा देने का प्रावधान है, लिहाजा छत्तीसगढ़ के बारे में पूरी दुनिया को बताने की जरूरत है ताकि लोग यहां की सभ्यता और संस्कृति को जानें।



# बेंदो पहाड़ जंगल में हाथी की सड़ी गली शव मिली

## विभाग में हड़कंप, गाज से मौत की संभावना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारूमा रेंज अंतर्गत एक मादा हाथी का शव मिला है। वहीं मामले की सूचना पर विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के द्वारा जमाबीरा क्षेत्र के बेंदो पहाड़ जंगल में एक मादा हाथी का पुराना शव देखा गया। जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी विभाग को दी। वहीं सूचना के बाद आज सुबह विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार शव करीब सात से दस दिन पुराना है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि के अभाव में घटनास्थल की वास्तविक स्थिति को लेकर संशय बना हुआ है। इस मामले में भी वन विभाग द्वारा संबंधित स्थल पर मीडिया व अन्य लोगों के पहुँच पर प्रतिबंध लगाया गया है। कुछ समय पूर्व सिथरा क्षेत्र में भी नर हाथी का पुराना शव मिलने के एक मामले में अप्रत्याशित विभागीय गोपनीयता बरती गई थी। इस मामले में विभाग के संबधित आला अधिकारियों से संपर्क का प्रयास असफल रहा। संबंधित कई अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया। विभागीय सूत्रों व क्षेत्र के ग्रामीणों ने हाथी का शव मिलने की पुष्टि की है। इधर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी आवश्यक जांच कार्रवाई में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर सीसीएफ भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। इस मामले में आधिकारिक पुष्टि के बाद ही पूरी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस मामले पर अतिरिक्त जानकारी के लिए धरमजयगढ़ डीएफ ओ से अतिरिक्त जानकारी की अपेक्षा की गई है।

### रिपोर्ट में शामिल नहीं

इधर हाथी के मौत की जानकारी वन्य प्राणी संबंधी मंगलवार के दैनिक रिपोर्ट में दर्ज नहीं की गई है। इस सवाल पर एक अधिकारी ने फोन पर बताया कि इस मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया आला अधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। जाहिर सी बात है कि घटना के संबंध में विभागीय अधिकारियों व अमले को एक दिन पहले जानकारी प्राप्त हो गई होगी। उसके बाद भी दैनिक प्रतिवेदन में हाथी के मौत की जानकारी का उल्लेख नहीं होना कई सवालों को जन्म दे रहा है। कुछ समय पूर्व धरमजयगढ़ के सिथरा क्षेत्र में हाथी का पुराना शव मिलने के बाद का यह दूसरा मामला है जिसमें विभाग के द्वारा पुन: अप्रत्याशित व जबरदस्त गोपनीयता बरती जा रही है। क्षेत्र में लगातार हाथियों की सड़ीगली लाश मिलने व ऐसे मामलों में अभूतपूर्व विभागीय गोपनीयता बरते जाने का सिलसिला जारी है। ऐसे में हाथियों की व हाथियों से सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सिथरा वाले मामले को दुर्घटना बताया गया था और किसी भी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं हुई थी अब इस मामले पर विभाग की अंदरूनी जांच के बारे में केवल अनुमान लगाया जा सकता है।

### जिम्मेदार महफूज, हाथियों पर गाज

इधर शाम को धरमजयगढ़ डीएफ ओ अभिषेक जोगावत ने मामले के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि बाकारूमा रेंज के जमाबीरा क्षेत्र में एक मादा हाथी मृत अवस्था में पाई गई है। संभवत: आकाशीय बिजली के कारण हथिनी की मौत हुई है। मामले की जांच जारी है। बता दें कि धरमजयगढ़ क्षेत्र में हाथियों के आगमन के इतिहास में पहली बार तथा वर्तमान डीएफ्ओ के कार्यकाल में दूसरी बार कथित तौर पर गाज गिरने से हाथी की मौत का मामला सामने आया है। हाल ही में सिथरा के जंगल में एक नर हाथी का पुराना शव मिलने के मामले में भी मौत का संभावित कारण गाज को बताया गया था। अब सवाल यह है कि जंगल में हाथी का शव कई दिनों तक सड़ता रहता है और जब मामला सार्वजनिक तौर पर सामने आता है तो गाज गिरने से मौत के संभावित कारण का हवाला, संबंधित जिम्मेदार की लापरवाही के सवाल पर भारी पड़ जाता है और मामला रफा दफा हो जाता है। तो मुस्कुराइ आप लेमरू एलिफेंट रिजर्व क्षेत्र के उस इलाके में रहते हैं जहां पिछले करीब 22 साल के इतिहास में संभावित तौर पर गाज गिरने से हाथियों की मौत का सिलसिला लगातार जारी है।

**समीक्षा बैठक...** स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही अस्पतालों में मानव संसाधन, उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा की

# स्वास्थ्य विभाग लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध, हर नागरिक तक पहुंचाई जाएगी स्वास्थ्य सेवाएं - टी.एस. सिंहदेव

**रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने यहां एक निजी होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सुबह से देर शाम तक चली समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जिलेवार समीक्षा की तथा उनमें सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।**





**स्वास्थ्य मंत्री ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों और मैदानी अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की, विभागीय कामकाज की कल भी करेंगे दिनभर समीक्षा**





समीक्षा बैठकों का दौर कल 28 सितम्बर को भी जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर., स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक श्री भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदीपन, सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक श्री अभिजीत सिंह, संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा तथा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन भी मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने समीक्षा बैठक में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है। नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। हमें इसे और बेहतर करना है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी क्षमता से लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और यहां के हर नागरिक तक सभी जरुरी सेवाएं पहुंचाई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों की मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही वहां मानव संसाधन, उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता की खास तौर पर समीक्षा की। उन्होंने कोरोना काल के दौरान निर्मित ऑक्सीजन पाइपलाइन एवं ऑक्सीजन संयंत्रों की समुचित देखभाल और रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्तर के अस्पतालों में आईपीडी मरीजों के इलाज के क्लेम राशि के अधिक से अधिक प्रकरण भुगतान के लिए भेजने के भी निर्देश दिए।

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल

# महाराजा अग्रसेन के संदेश वर्तमान में अधिक प्रासंगिक : राज्यपाल

**रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अग्रसेन धाम में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में शामिल हुई। उन्होंने सर्वप्रथम परिसर में स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर उन्हें नमन किया।**





राज्यपाल सुश्री उइके ने अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के विजेताओं, मेधावी विद्यार्थियों तथा विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान तथा सामाजिक कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए अग्रवाल समाज के युवाओं द्वारा तैयार वेबसाईट को भी लांच किया। अग्रवाल सभा द्वारा इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल सुश्री उइके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रबन्धुओं को महाराजा अग्रसेन जयंती और शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।



# लोकतंत्र की विसंगतियों की कोख से जन्मा है माओवाद, यह केवल गोलियों से मरने वाला नहीं

गृहमंत्रालय का दावा है कि उसकी जीरो टॉलरेंस की नीति और कुशल रणनीति के चलते देश में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गई है। वर्ष 2010 में देश के 96 जिले नक्सल हिंसा से प्रभावित थे और अब उग्र वामपंथ 36 जिलों तक सिमट कर रह गया है।

यह भी दावा है कि 2018 के मुकाबले 2022 में वामपंथी उग्रवाद संबंधी हिंसा की घटनाओं में 39 प्रतिशत और सुरक्षा बलों के बलिदानों की संख्या में 26 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह नागरिक हताहतों की संख्या में 44 प्रतिशत की कमी आई है। नक्सल हिंसा की शिकायतों वाले जिलों की संख्या में 24 प्रतिशत की कमी आई है। सरकार का यह दावा निश्चित रूप से सुखद है, क्योंकि लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता बुलेट (गोली) नहीं बल्कि बैलेट (वोट) है। वैसे भी इस देश को अहिंसा के हथियार से ही आजादी मिली थी। भारत में मुख्यधारा का वामपंथ भी बुलेट के बजाय बैलेट में आस्था प्रकट कर लोकतांत्रिक धारा में स्वयं को समाहित कर चुका है। यह भारत का वामपंथ ही है जिसने केरल में सन् 1957 में दुनिया की पहली बैलेट से चुनी गयी कम्युनिस्ट सरकार बनाई थी।

### माओवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में बताना जल्दबाजी

सरकारी दावों पर न भी जाए तो भी देश में माओवादी हिंसा में कमी जरूर नजर आ रही है। माओवादियों के प्रभाव क्षेत्र के सिमट जाने का दावा भी सही हो सकता है। लेकिन माओवादियों के खिलाफ लड़ाई को अंतिम दौर में बताना अभी जल्दबाजी ही होगी। जिन जिलों से माओवाद का सफाया किया जा रहा है वहां दोबारा माओवाद के नहीं लौटने की गारंटी कोई नहीं दे सकता।

दरअसल भारत सरकार अपनी सफलता को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किए गए विकास के बजाय हिंसक हमलों की संख्या के आधार पर माप रही है। जबकि यह देखा जाता है कि पुलिस द्वारा किसी क्षेत्र पर कब्जा करने के बाद भी, प्रशासन उस क्षेत्र के लोगों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने में विफल रहता है और फिर उग्रवाद के दोबारा पांव पसारने की पूरी आशंका रहती है।



माओवाद सामाजिक असंतोष की उपज है और यही असन्तोष उनकी खुराक, शक्ति और प्रेरणा भी है। सच्चाई यह है कि हम माओवादियों को तो मार सकते हैं मगर माओवाद को नहीं मार सकते। आदमी को गोली से मारा जा सकता है मगर विचार को बंदूक की गोली से नहीं मारा जा सकता।

### माओवाद को मारना कठिन

सच्चाई यह है कि हम माओवादियों को तो मार सकते हैं मगर माओवाद को नहीं मार सकते। आदमी को गोली से मारा जा सकता है मगर विचार को बंदूक की गोली से नहीं मारा जा सकता। आज तक ऐसी बन्दूक नहीं बनी जो कि सीधे आदमी के दिमाग में घुस कर किसी विचार को मार सके। इस समस्या की जड़ ही इसका समाधान भी है।

### माओवाद के पीछे के कारण

नक्सलवाद, कानून व्यवस्था के लिए समस्या अवश्य है। इसके पीछे क्षेत्रीय असंतुलन के कारण को भी नकारा नहीं जा सकता। इन दोनों चुनौतियों से तो कोशिश करके निपटा जा सकता है और सरकार इन दोनों मोर्चों पर काम कर भी रही है। माओवाद को कुचलने के लिए सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए 2009 में एकीकृत कार्य योजना के तहत कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र झारखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल में अभियान चलाया गया था। इस अभियान में माओवादियों के खिलाफ केवल हथियारों का सहारा नहीं लिया गया बल्कि प्रभावित जिलों में ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करने तथा पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया गया था। वह योजना भी पूरी तरह सफल तो नहीं रही मगर हम कह सकते हैं कि नक्सलियों की बंदूकें कुछ सीमा तक और कुछ समय तक खामोश अवश्य रहीं। लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ।

### लोकतंत्र की विसंगतियों की कोख से जन्मा है माओवाद

दरअसल माओवाद हमारे लोकतंत्र की विसंगतियों की कोख से ही जन्मा हुआ है और हमारा ध्यान विसंगतियों की ओर कम और बंदूक पर ज्यादा है। नक्सलवाद के लिए समाज में व्याप्त गैर-बराबरी, अन्याय, शोषण और गरीबी जैसे कारण असली जिम्मेदार हैं।

संविधान समानता की गारंटी तो अवश्य ही देता है मगर वह समानता है कहां? सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की के अवसर समान रूप से हर किसी को उपलब्ध नहीं हैं। भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद और अगड़े लोगों द्वारा तरक्की के सारे अवसर आम आदमी तक पहुंचने से पहले ही लपक लिए जाते हैं। लोगों को समय पर न्याय नहीं मिल रहा है। न्याय के महंगे होते जाने से वह आम आदमी से दूर होता जा रहा है। हर कोई न्याय के लिए हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट तक नहीं जा सकता और ना ही किसी महंगे वकील से न्याय पाने के लिए पैरवी करा सकता है।

जयसिंह रावत

## संपादकीय

# पुरानी पेंशन का चारा

पुरानी पेंशन योजना की समाप्ति का फैसला नव-उदारवादी नीतियों के कारण हुआ, जिन्हें देश ने लगभग आम सहमति के साथ स्वीकार कर लिया था। उन नीतियों के जारी रहते उनके एक स्वाभाविक को पलटना एक विसंगति ही माना जाएगा। राज्यों में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अब विभिन्न विपक्षी दलों की तरफ से सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना वापस लाने के वादे की झड़ी लग गई है। संभवतः इस वादे के पीछे यह धारणा है कि चुनाव नतीजों को प्रभावित करने में सरकारी कर्मचारी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिर यह भी माना जाता है कि अगर एक कर्मचारी खुश होगा, तो उससे जुड़े कई परिजनों का वोट संबंधित पार्टी को मिल सकता है। लेकिन इसी वर्ष उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में यह वादा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को जीत दिलाने में नाकाम रहा। फिर भी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर दी है और अब गुजरात में ऐसा ही वादा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने किया है। लेकिन वहां भी इसके प्रभावी होने की संभावनाएं कम ही हैं। इसलिए कि तमाम मतदाताओं के बीच सरकार कर्मचारियों की संख्या न्यून होती है, बल्कि खुद सरकारी विभागों में अब लगभग एक चौथाई अस्थायी कर्मचारी हैं, जिन्हें कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती। वैसे भी बाकी समाज ऐसी सुरक्षाओं से वंचित रहे, जबकि सरकारी नौकरी पा जाने वाले कुछ खुशकिस्मत लोगों की रिटायर्ड जिंदगी निश्चिंत होकर गुजरे, इस बात का कोई तर्क नहीं हो सकता।

# बारिश में टापू बनते शहर- जलवायु परिवर्तन और शहरी नियोजन की अनदेखी से बढ़ता संकट

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पानी से भरी सड़कें, रेंगती गाड़ियों, टूटे वाहनों और घुटनों तक गहरे पानी में अपने दोपहिया वाहनों के साथ चलने वाले नागरिक जैसे परिचित दृश्यों की वापसी के लिए भारी बारिश के सिर्फ एक दिन का समय लगा। बिजली कटौती, ढहती दीवारों और बिजली के झटके के कारण लोगों की मौत भी हुई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के दृश्य नए नहीं हैं।

हर बार बारिश के दौरान ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है और बारिश कई बार देर तक और बहुत अधिक होती है, ऐसे में, लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मानसून से होने वाली परेशानियों के दृश्य पूरे देश में एक जैसे दिखाई देते हैं। उदाहरण के लिए, दो सप्ताह पहले, बंगलुरु की 126 झीलें उफान पर थीं।

इससे वहां महादेवपुरा, बेलंदूर, बोम्मनहल्ली, मुन्नेकोलालु आदि इलाकों में जल जमाव की स्थिति थी। आलम यह था कि 2,000 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी आ गया था और करीब 10,000 घर अलग-थलग पड़ गए थे। पॉश इलाकों सहित कई जगहों में लोगों को पेयजल और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा। हर तरफ ऐसा मंजर था, जैसे निजी संपत्ति को बट्टे खाते में डाल दिया गया हो।



क्या भोजन के लिए 10 मिनट की डिलीवरी के बजाय काम करने के लिए 10 मिनट की पैदल दूरी बेहतर नहीं होगी? प्रत्येक भारतीय शहर में आदर्श रूप से एक मास्टर प्लान-यानी एक रणनीतिक शहरी नियोजन दस्तावेज होना चाहिए, जिसे एक-दो दशक के अंतराल पर नियमित रूप से अद्यतन (अप-टू-डेट) किया जाए।

इस तरह की दुखद स्थिति दरअसल शहरी नियोजन की कमियों की तरफ ही इशारा करती है। आमतौर पर हमारे शहर नियमित रूप से शहरी नियोजन के प्रमुख तत्वों की उपेक्षा करते हैं। नालियों की बेहतर निकासी क्षमता की कमी और झीलों व नदियों पर ध्यान न देने के साथ शहरी स्थानों को कंकरीट में बदलने पर जोर हर तरफ दिखाई देता है। कुल मिलाकर, भारतीय शहर शहरी नियोजन पर सीमित क्रियान्वयन के संकट से ग्रस्त हैं। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट के अनुसार, बंगलुरु जैसे शहर ने ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2020 में क्वालिटी ऑफ लाइफ मेट्रिक के तहत सौ में से 55.67 स्कोर किया। दिल्ली जैसा महानगर राजधानी होने के बावजूद इंडेक्स में 57.56 तक पहुंचा, जबकि भुवनेश्वर जैसे शहर का स्कोर सिर्फ 11.57 था। आदर्श दुनिया में इस तरह की स्थिति अस्वीकार्य है। गौरतलब है कि पश्चिम में वर्ष 1898 में सर एबेनेजर हॉवर्ड द्वारा शुरू किए गए गार्डन सिटी आंदोलन ने शहरों के केंद्र में काम के माहौल को विकेंद्रीकृत करने की मांग की थी। उस आंदोलन ने कारखाने के श्रमिकों के लिए स्वस्थ रहने की जगह प्रदान करने पर तार्किक जोर दिया था। नतीजतन, शहरों को योजनाबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया, जिसमें आत्मनिर्भर समुदायों के साथ पार्क और निवास, औद्योगिक कार्य और कृषि के लिए अलग-अलग क्षेत्र शामिल थे। इस तरह के आंदोलन इस विचार से प्रभावित थे कि फैक्टरी में काम करने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो। आदर्श गार्डन सिटी की योजना खासतौर पर खुली जगहों, सार्वजनिक पार्कों और बुलेवार्ड्स (मुख्य पथ) के साथ बनाई गई थी। अमेरिका में गार्डन सिटी पड़ोस की अवधारणा के साथ विकसित हुई, जहां एक स्थानीय स्कूल या सामुदायिक केंद्र के आसपास आवासीय घरों और सड़कों का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात का दबाव कम करने और सुरक्षित सड़कों की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया। प्रदूषण और भीड़-भाड़ पर नियंत्रण के साथ-साथ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए लंदन में शहर के चारों ओर एक महानगरीय हरित पट्टी है, जो 5,13, 860 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है।

वरुण गांधी

## मिला जुला

# लखनपुर और चिरको को मिली लाखों के विकास कार्यों की सौगात

### संसदीय सचिव ने किया विकास कार्यों के लिये भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पंचायत लखनपुर और चिरको को लाखों के विकास कार्यों की सौगात देते हुए विकास कार्यों का लोकार्पण.भूमिपूजन किया। सोमवार को ग्राम पंचायत लखनपुर व चिरको में विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन साहू, दारा साहू, जनपद सदस्य आरीन चंद्राकर, रामेश्वर



गब्बर साहू, हेमंत डडसेना, सीटू सलूजा मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने ग्राम पंचायत लखनपुर में प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, निर्मलकर समाज के सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड का निर्माण का भूमिपूजन व आंगनबाड़ी भवन व मुक्तिधाम निर्माण का लोकार्पण तथा ग्राम पंचायत चिरको में सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड निर्माण व अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया।विकास कार्यों की सौगात मिलने पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि गांवों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जब से प्रदेश में भूपेश सरकार सत्ता में तब से शहर के साथ ही गांवों के विकास की ओर सरकार का ध्यान फोकस है। सरकार के चार सालों में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हुआ है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने किसान हितैषी भूपेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि आज फिर से लोग का झुकाव खेती किसानी की ओर हो रहा है। इसके पीछे भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी नीति हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की गांव, गरीब, किसान, व्यापार और उद्योग हितैषी नीतियों से समाज के सभी वर्गों में खुशहाली है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमन सिंग ठाकुर, आलोक नायक, अतुल गुप्ता, सोनू राज, राजा गंभीर, गंगाराम पटेल, रोशन पटेल, पतिराम बघेल, हरिराम पटेल, किशन कोसरिया, लमकेश्वर साहू, कमलेश चंद्राकर, मायाराम टंडन, प्रीतम दीवान, जगत देवदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# शासकीय पीजी कालेज बेमेतरा के युवा मतदाताओं को किया जागरूक

### मतदाता जागरूकता हेतु विशेष शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला, वाणिज्य एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में आज मंगलवार को मतदाता जागरूकता हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत युवा मतदाताओं को आधार संग्रह कार्यक्रम एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई तथा वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड कर फार्म 6 भरने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं जिला स्वीप नोडल लीना कमलेश मण्डावी के मार्गदर्शन में शासकीय पीजी महाविद्यालय बेमेतरा के सभागार में आयोजित विशेष शिविर में भारत निर्वाचन आयोग



द्वारा मतदाता सूची में पंजीयन हेतु चार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर निर्धारित किये जाने तथा आधार को मतदाता सूची से लिंक करने के संबंध में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोश नामदेव ने बाताया कि 01 जनवरी 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म 6 भरकर आवेदन वोटर हेल्पलाईन एप्प के माध्यम से कर सकते है साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थी भी पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। इन मतदाताओं का नाम 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी तथा वे आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान के लिए पात्र होंगे। आयोग द्वारा यह अवसर पहली बार प्रदान किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर जेके बारले ने भी सभी छात्र-छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आनलाईन सुविधा का लाभ उठाने और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के डाटा एण्ट्री आपरेटर लवकुश चन्द्राकर द्वारा वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड करने एवं फर्म भरने की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर नोडल प्रोफेसर डॉ.अंजली कश्यप, कैम्पस एम्बेसडर बादल पाटिल, मेघा देवांगन सहित निर्वाचन कार्यालय से धनेष लहरे, जयप्रकाश साहू उपस्थित थे।



# शास्त्री की प्रतिमा नये स्थान पर स्थापित का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-महासंमुन्द।

शास्त्री चौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री का प्रतिमा स्थल परिवर्तन किया जा रहा है। प्रतिमा को नये स्थान पर स्थापित करने की तैयारी का नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने जायजा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने मंगलवार को शास्त्री चौक पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को नये स्थान पर शीफ्ट किया जा रहा। इस दौरान वहां के रहवासियों ने बताया किए बीच सड़क पर बनी चबूतरा के कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने बताया किए भलेसर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। चबूतरे के कारण भारी वाहनों को मोड़ने में भारी परेशानी होती है। जिस पर नपाध्यक्ष महिलांग ने वार्ड के पार्षद निखिलकांत साहू से चर्चा की और बीच सड़क से चबूतरा हटाने को कहा गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर, पार्षद मनीष शर्मा, गौरव चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, एरिश अनवर, महेन्द्र सिका, सीएमओ आशीष तिवारी सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# नेवारी में दो मवेशी मृत तथा को कोसमंदा के काजी हाउस का मवेशी उपचार के दौरान सुदृढ़ हुआ

### नोडलों का गौठन में नहीं कोई ध्यानाकर्षण * पंचायत से लेकर जिले तक पल्ला झाड़ने में लगे

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बलौदा बाजार भाटापारा जिले के क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि लगातार राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना नरुवा गरुवा घुरवा बारी गौठानों की योजना फिसड्डी साबित हो रही है और इस योजना में पता नहीं और कितना समय लग जाएगा कि अधिकारी कर्मचारी और कई विभाग के आला अधिकारी इसका कार्य में लगे हुए हैं और इसमें जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मुख्य संरक्षण तथा जिले में शायद अनुविभागीय अधिकारियों को नोडल के रूप में नियुक्त किया गया है मगर देखा जा रहा है कि कई विकासखंडों में सहज ही स्थिति बनी हुई है क्योंकि गौठानों की ओर गौठान अध्यक्ष सरपंच सचिव तथा कोई दूसरे जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी कर्मचारी गण का ध्यान एकाग्रता से नहीं दिख रहा है दिख तो रहा है मगर कुछ का कुछ ताजा मामला जोहार छत्तीसगढ़ अखबार ने अपने पिछले दिवस के अंत में बताया था कि नेवारी के ग्राम पंचायत में दो मवेशी मरने की कगार पर है जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कवर सिमगा को जानकारी दी गई थी मगर उनके द्वारा कहा गया पशु चिकित्सक को भेजकर उपचार करने हेतु मगर सही समय पर उपचार नहीं मिलने और पशु चिकित्सक का नहीं आने के कारण 2 मवेशी की गौठान के अंदर ही मौत हो गई और उसे ग्राम पंचायत के लोगों के द्वारा बाहर फेंक दिया गया तथा विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत कोसमंडा में भी काजी हाउस में एक मवेशी की मौत होने की कगार पर दिखाई दे रही थी जिसकी सूचना ग्राम पंचायत के मुखिया को दी गई जिस पर तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज करवाया गया जिस पर मवेशी की जान बच गई और वहां सुदृढ़ अवस्था में हो गया तथा पिछले दिवस प्रभारी मंत्री उमेश पटेल का बलौदा बाजार आगमन हुआ था जिसमें ग्राम पंचायत पलारी विकासखंड के क्षेत्र ससहा ग्राम पंचायत की भी जानकारी मिली थी जिसमें काजी हाउस में मवेशी सुबह से मरा हुआ पड़ा था जिसे भी तत्काल ग्राम पंचायत के लोगों के द्वारा उसे बाहर फेंक दिया गया इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए अधिकारी क्या सोच रखते हैं यह तो अधिकारी ही जाने क्योंकि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना जिले में कब तक सुदृढ़ रूप से चल पाएगी यहां तो आगे ही पता चल पाएगी लेकिन अभी भी रोड पर और कई ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्गों पर हाईवे रोड पर लावारिस पशु आज भी बैठे हुए घूमते हुए दिखाई पड़ते हैं और अभी तक मवेशियों के लिए शासन के द्वारा कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण आज इस तरह की विश्मय स्थिति उत्पन्न हो रही हैऔर इस कारण से किसान भी और राहगीर भी परेशान नजर आ रहे हैं और कई बार तो मुख्य मार्गो पर मवेशियों के वजह से ही दुर्घटनाएं भी हो जाती है। लगातार राज्य सरकार द्वारा मवेशी को लेकर और गौठानो को लेकर व्यवस्था बनाने की ओर सोच रहे हैं और लगातार इस पर चर्चा करते हुए आगे कार्य कर रहे हैं कुछ ही दिनों में इस समस्या कभी हल हो जाएगा।



# राजीव युवा मितान क्लब से गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना हो रही साकार-उद्योग मंत्री कवासी लखमा

## सुकमा मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ जिला स्तरीय राजीव युवा मितान सम्मेलन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

मंगलवार को सुकमा जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राजीव युवा मितान क्लब का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, बीजापुर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर पोडियामी, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू सहित समस्त जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाशक्ति पर भरोसा दिखाया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है। जहां नई पीढ़ी को सामाजिक जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक कर, मुख्यधारा से जोड़कर समाज को बेहतर बनाने की दिशा में सफल प्रयास किया जा रहा है। इन युवा क्लब द्वारा हर छोटी बड़ी क्रिया जो




**मंत्री लखमा ने किंदरवाड़ा में सांस्कृतिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा**

समाज हित में है जैसे वृक्षारोपण, आपदा के समय राहत पहुंचाना, शासकीय योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने हितग्राहियों का चयन करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने, कुपोषण को दूर करने, जल और पर्यावरण का संरक्षण करने, रोजगारमूलक योजनाओं से युवाओं को जोड़ने, संस्कृति और परंपरा का संरक्षण आदि कार्य इन युवाओं की जिम्मेदारी है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं को आर्थिक रुप से सहायता मिलेगी, जिससे वे इस कार्य के लिए दूसरे युवाओं को भी आसानी से जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा की शासन द्वारा आदिवासियों के हित में नीतियां बनाई जा रही है। जल जंगल जमीन का पट्टा दिया जा रहा है। ग्रामीण आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने महिलाओं, युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। पोटक पल्ली जैसे अंदरूनी गांव में बिजली पहुंचाई है।

### 36 हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान राशि की प्रदान

कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा, गोंगला, बुड़दी, चिंगावरम और निलावरम के कमजोर आर्थिक स्थिति वाले 20 हितग्रहियों को 10-10 हजार रुपए की स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले के युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए शासन द्वारा बस्तर संभाग में विशेष कनिष्ठ कर्मचारी बोर्ड के माध्यम से विभिन्न पदों पर स्थानीय युवक युवतियों की भर्ती की जा रही है। जिले में शिक्षकों की कमी को देखते हुए जल्द ही शासन स्तर से व्यापम द्वारा और संभाग स्तर से जिले में शिक्षकों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम किंदरवाड़ा में सांस्कृतिक भवन के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही किंदरवाडा और कोयाबेकुर के नर्तक दलों को 25 हजार का पारितोषिक प्रदान किया।

### युवा साथी, क्षेत्र प्रदेश को नई दिशा देने में सक्षम-बेंजाम

विधायक राजमन बेंजाम ने राजीव युवा मितान क्लब की पृष्ठभूमि और उसके उद्देश्य बताते हुए, विगत दिवसों कोंटा क्षेत्र में आई बाढ़ में राहत कार्य के लिए राजीव युवा मितान क्लब के साथियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा साथी वो पूंजी है। जो किसी क्षेत्र, प्रदेश को दिशा दे सकती हैं। युवाओं को समाज के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सही दिशा देते हुए समाजिक दायित्वों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। युवा मितान क्लब के युवाओं से मरान भूमि में की जा रही कृषि, जिनका पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है। ऐसे कृषकों का पंजीयन में सहयोग करने की अपील की। ताकि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत लाभ मिल सके।

### शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार, गांव क्षेत्र का विकास में अपना सहयोग दे युवा-मंडावी

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब की बदौलत युवाओं की भूमिका शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ी है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में युवाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर उनका बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा रहा है। इन क्लब को साल भर में 25-25 हजार की चार किश्त प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा की युवा साथी गांव के विकास के साथ ही शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, शासकीय योजनाओं के लाभ लेने में यदि ग्रामीणों को कोई समस्या हो, तो उसका भी निदान करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### रोजगार मूलक गतिविधियों से जोड़कर युवाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर-हरीश

*जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व में विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं से जोड़कर ग्रामीण युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब इसी दिशा में सफल प्रयास है। जिसके माध्यम से गांव के विकास में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। हम सबको चाहिए की अधिक से अधिक युवाओं को प्रेरित कर राजीव युवा मितान क्लब से जोड़े। गांव और युवा मजबूत होगा तब प्रदेश मजबूत होगा और देश मजबूत बनेगा।*

## एक नजर

### गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में मृतआत्माओं की सद्गति के लिये श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



पितृ पक्ष में मृत आत्माओं की शांति और सद्गति के लिए गायत्री परिवार महासमुंद द्वारा श्राद्ध तर्पण का कार्यक्रम पूरे पक्ष भर प्रतिदिन संचालित किया गया। जिसमें नगर और आसपास के हजारों परिजनों ने उपस्थित होकर अपने-अपने परिवार के दिवंगत आत्माओं को श्राद्ध तर्पण किया। पितृ अमावस्या के दिन अंतिम श्राद्ध तर्पण के लिए लगभग 50 लोगों की उपस्थिति रही। तर्पण पश्चात सभी दिवंगत आत्माओं के नाम से भोजन प्रसाद की व्यवस्था किया गया। भोजन प्रसाद के भंडारा में सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हीरा लाल साहू, अमर साहू, जगमोहन साहू, धनवंतरी सिन्हा, मनहरण साहू, परसराम चौहान, शांतूलाल साहू, राजकुमार गुप्ता, रिखी राम साहू, धनीराम साहू, वेदराम एवं अन्य परिजन उपस्थित थे। गायत्री मंदिर के समन्वयक एवं श्राद्ध तर्पण के पुरोहित बोध राम साहू ने बताया कि पितृपक्ष, दिव्य आत्माओं का पर्व है। उनकी शांति और सद्गति के लिए मंत्रोच्चार के साथ तर्पण किया जाता है, जिससे उनको अपनी योनि से मुक्ति मिलती है और उन आत्माओं की कृपा एवं अनुदान परिवार वालों पर बरसता है। दिव्य आत्मा सूक्ष्म रूप में अपने परिवार के लोगो को कष्ट से बचाते हैं। उनका सहयोग करते रहते हैं इसलिए हर व्यक्ति को पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उनका सम्मान करना चाहिए। अश्विन नवरात्रि प्रारंभ गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में क्वार नवरात्रि का शुभारंभ 26 सितंबर 2022 को होगा। प्रात: काल 5 बजे से अखंड दीप के समक्ष गायत्री मंत्र जप के साथ नवरात्रि प्रारंभ होगा। गायत्री मंदिर में प्रतिदिन प्रात: से शाम तक अखंड जप का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें कोई भी परिजन आकर अपने सुविधानुसार समय में जप में भाग ले सकते हैं। जप प्रात: 5 बजे से शाम को 7 बजे तक चलेगा। नवरात्रि में प्रतिदिन प्रात: यज्ञ, एवं संस्कार तथा शाम को आरती चालीसा होगी। नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति नवमी के दिन किया जाएगा।

# कलेक्टर शर्मा ने केसीसी प्रकरण के निराकरण और वित्तीय जागरूकता पर की बैंक अधिकारियों से चर्चा

डिजिटल फ्रॉड पर लोगों को जागरूक करने प्रशासन के साथ समन्वय कर कैंप करने के निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

### कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति डीएलआरसी एवं जिला स्तरीय स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक 26 सितम्बर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।




बैठक में कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में समस्त सहकारी समितियों में केसीसी कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित बैंक इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी दर्ज करते हुए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में सहयोग करें। उन्होंने केंद्रीय सहकारी बैंक को विशेष सहभागिता के लिए कहा। उन्होंने कहा कि केसीसी बनने के बाद बैंक द्वारा ऋ ण प्रकरण की स्वीकृति और वितरण की समीक्षा भी अगली बैठक में की जाएगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा करते हुए कहा कि मत्स्य, उद्यानिकी और पशुधन विभाग को ऋण की पात्रता का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार किसानों के सहकारी ऋ णों पर ब्याज अनुदान नियम में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार उद्यानिकी कार्यों, मत्स्य पालन एवं गौपालन के लिए लघु और सीमांत किसानों को 3 लाख रुपए तक का अल्प कालीन ऋण बिना ब्याज के मिलेगा।

### वित्तीय साक्षरता कैंप कर डिजिटल फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करें

कलेक्टर शर्मा ने बैठक में सभी बैंक अधिकारियों से वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित कर डिजिटल फ्रॉड के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक आम व्यक्ति की जमा पूंजी उसके बैंक अकाउंट में होती है। जानकारी के अभाव में डिजिटल फॉड की की घटनाओं से उनकी गाढ़ी कमाई का नुकसान होता है। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल फ ्रॉड पर लोगों को जागरूक करने जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर जागरूकता शिविर आयोजित करने को अपील की।

**शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के ऋण प्रकरण, समूहों के बैंक लिंकेज, बीमा क्लेम के शीघ्र निराकरण के निर्देश**

### शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों के ऋण प्रकरण समय पर निराकृत करें

कलेक्टर ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत हितग्राही समूहों के बैंक लिंकेज एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत ऋण प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ऋण स्वीकृत एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने मुद्रा लोन के आवेदनों, दोहरी प्रामाणिकता, और बीमा क्लेम जैसे प्रकरणों पर भी शीघ्र कार्यवाही कर हितग्राहियों को मदद सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सीएम भूपेश बघेल पहुंचे महामाया के दरबार प्रदेश की खुशहाली के लिए की कामना

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



महामाया के दर्शन कर प्रदेश में अमन चैन की कामना की शारदीय नवरात्रि नवरात्रि के दूसरे दिन सीएम भूपेश बघेल निर्धारित कार्यक्रम के तहत महामाया देवी दर्शन के लिए रतनपुर पहुंचे जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला हेलीपेड पर पहुंचा कांग्रेस नेताओं के द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया उसके बाद उस का काफिला मंदिर परिसर पहुंचा मंदिर परिसर में भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्प हार से स्वागत किया। वही सीएम बघेल ने भी अपने चाहने वाले कार्यकर्ताओं को निराश नहीं किया और उनसे जाकर मुलाकात किया। और सभी का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद सीधे देवी दर्शन के लिए मंदिर के गर्भगृह पहुंचे और विधि विधान से पूजा अर्चना की मां के दरबार में मत्था टेका और छत्तीसगढ़ की खुशहाली की कामना किए, मुख्यमंत्री के साथ गिरीश देवांगन ने भी महामाया देवी में मत्था टेका इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, आईजी रतनलाल डांगी, कलेक्टर सौरभ कुमार, एसपी पारुल माथुर, बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बिलासपुर विजय केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्षअरुण चौहान, राजेंद्र शुक्ला, सुभाष अग्रवाल आशीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस के आला अधिकारी एवं कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ मैं दंतेश्वरी, बमलेश्वरी, महामाया ऐसे अनेकों तीर्थ स्थान है जहां श्रद्धालु नवरात्रि में पहुंच रहे हैं और मैं सभी की मनोकामना पूरी हो इसके लिए आज माता से कामना किया हूं और आशीर्वाद लिया हुं और सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों के द्वारा रेलवे को लेकर किए गए सवाल पर सीएम बघेल बिलासपुर के सांसद प्रदेश अध्यक्ष और उन सब को आड़े हाथों लेते हुए कहा केंद्रीय गवर्नमेंट में अपनी आवाज बुलंद नहीं कर पाने की वजह से आज रेल परिवहन बाधित है जनता की परेशानी भाजपा वालों को दिखाई नहीं देती महंगाई इतनी बढ़ रही है और यह लोग प्रदेश कांग्रेस को कोसने में ही लगे रहते हैं ऐसा कहते हुए अपने काफिले के साथ आगे बढ़ गए।



# भाजयुमो मण्डल केल्हारी ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

15 दिन के अंदर सकारात्मक पहल न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मण्डल केल्हारी द्वारा 3 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम केल्हारी मूलचन्द चोपड़ा को ज्ञापन सौंपा गया साथ ही 15 दिन के भीतर उचित कार्यवाही ना होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। भाजयुमो मंडल केल्हारी द्वारा कनिष्क यंत्री जे.ई कार्यालय केल्हारी में चार सालों से रिक्त पद जे ई की पदस्थापना की मांग की गई है। भाजयुमो ने विद्युत विभाग के लचर व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, प्रत्येक दिनए दिन रात में दर्जनों बार विद्युत कटौती पर नाराजगी जाहिर कर व्यवस्था सुधारने की मांग की है। ज्ञापन में मनेंद्रगढ़ केल्हारी जनकपुर मार्ग में आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना के लिए सड़क के दोनों ओर साइड सोल्डर मिट्टी कटिंग को कारण बताया गया है वही साइड सोल्डर एवम् मिट्टी फीलिंग तत्काल कराये जाने की मांग की है। भाजयुमो केल्हारी ने कहा है कि साइड सोल्डर न होने से रोझी स्थित पेट्रोल पंप और थाना केल्हारी के बीच में अब तक साल भर के अंदर 5 लोगों ने जान गवां दी है। केल्हारी से बिजुरी रोड में स्थित मनवारी डांड हंसवाही मार्ग में चलना दूभर हो गया जिसके लिए भी तत्काल मरम्मत कार्य के लिए भाजपा युवा मोर्चा मण्डल केल्हारी ने एस डी एम केल्हारी को ज्ञापन सौंपा है। भाजयुमो मंडल केल्हारी ने एसडीएम के माध्यम से संबंधित विभाग को चेताया है कि अगर 15 दिवस के अंदर उक्त तीन सूत्रीय मांगों पर संबंधित विभाग द्वारा सकारात्मक एवम संतुष्टिजनक कार्य नही किया जाता है तो भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# ईको टूरिज्म कोडार की बढ़ी पहचान, सैलानियों का बढ़ रहा रुझान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

मंगलवार को 42वां विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा हैं। वर्ष 2022 में विश्व पर्यटन दिवस की थीम श्पर्यटन पर पुनर्विचार रखी गई है। पर्यटन दिवस के महत्व को समझाने और हर साल लोगों को जागरूक करने के लिए अलग-अलग थीम रखी जाती है। जिससे देश विदेश के नागरिक पर्यटन से जुड़ते हैं। छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले में पर्यटन को बढ़ावा अनेक प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने प्रदेश के अलग.अलग जिलों में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में मोटल और रिसोर्ट और हॉटेल बनाए हैं। वहीं समय-समय पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सिरपुर को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय हेरिटेज के रूप में विकसित करने और ज्यादा पहचान दिलाने शासन कटिबद्ध है। सिरपुर बहुत ही विस्तृत है। जो लगभग 10 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और इस तरह अन्य जगह विस्तारित बौद्ध केन्द्र नहीं हैं। सिरपुर, डोंगरगढ़ और मैनपाट को टूरिज्म सर्किट से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। पर्यटन सर्किट से जुड़ जाने से इस ओर सैलानियों का और ज़्यादा रूझान बढ़ेगा। जल्दी ही सिरपुर पूरे विश्व मानचित्र पर अंकित होगा। छत्तीसगढ़ का प्राचीनकाल से ही सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ हमेशा से देवभूमि रहा है। सिरपुर शिव, वैष्णव, बौद्ध धर्मों के प्रमुख केन्द्र भी है। सिरपुर अपनी ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्ता के कारण आकर्षण का केंद्र हैं। यह पांचवी से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी थी। यह स्थल पवित्र महानदी के किनारे पर बसा हुआ है। सिरपुर में सांस्कृतिक व वास्तुकौशल की कला का अनुपम संग्रह हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अप्रैल में सिरपुर बौद्ध महोत्सव में शामिल हुए थे। उन्होंने सिरपुर के विकास के लिए 213.43 लाख के कार्यों की घोषणा की। इनमें 25 लाख रुपए से भव्य स्वागत द्वार का निर्माण, 73.15 लाख रुपए से सिरपुर मार्ग पर 04 तालाबों का सौंदर्यीकरण, 45.28 लाख रुपए से सिरपुर मार्ग पर 05 सुन्दर सुगंधित कोशल्या उपवन निर्माण, कोडार.पर्यटन टैटिंग व बोटिंग, 31.76 लाख रुपए, कोडार जलाशय तट पर वृक्षारोपण 17.38 लाख रुपए और सिरपुर के रायकेरा तालाब के लिए 30.86 लाख रुपए की लागत से बनाए गया है। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप



अधिकांश काम पूरे हो गए। सैलानियों के लिए रायकेरा तालाब में बोटिंग महात्मा गांधी की जयंती से शुरू हो गयी है। सिरपुर पहले से ही प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर है। वृक्षारोपण के जरिए इसे और भी हरा-भरा किया जा रहा है। पर्यटकों के विश्राम सुविधा के लिए पांच सुगंधित फ ूलों वाली सुंदर कोशल्या उपवन वाटिकाएं तैयार हो गई है। इन उपवनों में प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ,भजन कीर्तन, स्थानीय मंडलियों द्वारा किया जा रहा है। वृक्षारोपण में बेर, जामुन, पीपल, बरगद, नीम, करंज, आंवला आदि के पौधे शामिल किए गए हैं। ताकि ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ लोगों को जैव विविधता का अहसास भी हो। इस इलाके में राम वन गमन पथ में छह ग्राम पंचायतों को मुख्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिसमें अमलोर, लंहगर, पीढ़ी, गढ़सिवनी, जोबा व अछोला शामिल है। सड़क के दोनों किनारों पर फ लदार, छायादार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी प्रकार महासमुंद के वीर शहीद नारायण सिंह जलाशय कोडारबांध, में बोटिंग सुविधा के साथ टेटिंग शुरू हुए अभी कुछ समय बीता है और यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वन चेतना केंद्र कुहरी, इको पर्यटन कोडार जलाशय में विभिन्न विभागों के द्वारा सैलानियों के सुख.सुविधा के लिए अपने-अपने स्तर से विभिन्न सामग्रियां मुहैया कराई गयी है। इको पर्यटन केंद्र में 39 लाख की लागत से काम कराया गया है। कोडार जलाशय में नौका विहार के लिए बोटिंग की सुविधा सैलानियों को उपलब्ध है। वहीं कम दाम पर टेंटिंग में ठहरने के इंतजाम भी किए गए हैं। फिलहाल चार टेटिंग लगाए गए है। जिसमें एक टेंटिंग में दो व्यक्तियों के सोने और आराम करने के लिए पर्याप्त जगह है टूरिस्ट और बच्चों के लिए क्रिकेट, वालीबाल, कैरम, शतरंज के साथ ही निशानेबाजी की सुविधा भी इस इको पर्यटन केंद्र में उपलब्ध है। कोडार जलाशय नेशनल हाईवे-53 से नजदीक होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को यहां सुकून का अनुभव होता है। जलाशय में बोटिंग की सुविधा के साथ ही कम दाम में टेंटिंग मे ठहरने के इंतजाम भी किए गए है। पर्यटन और प्रकृति को बढ़ावा देने एवं जिले की पुरातात्विक एवं संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से टूर डे सिरपुर सायकल यात्रा आयोजित की गई। महासमुन्द जिले के सरायपाली स्थित शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बन गया है। शनिवार और रविवार को यहां पर्यटकों की सबसे ज्यादा भीड़ होती है। बताया जाता है कि इसी पहाड़ के ऊपर किसी समय राजा शिशुपाल का महल हुआ करता था। जब राजा को अंग्रेजो ने घेर लिया। तब राजा ने अपने घोड़े की आंख पर पट्टी बांधकर पहाड़ से छलांग लगा दी थी। इसी कारण इस पहाड़ को शिशुपाल पर्वत और यहां के झरने को घोड़ाधार जलप्रपात कहा जाता है। ये राजधानी रायपुर से करीब 157 किमी की दूरी पर और सरायपाली से 30 किमी की दूरी पर स्थित पर्यटन स्थल शिशुपाल पर्वत स्थित है। समुद्र तल से शिशुपाल पर्वत की ऊंचाई करीब 900 फ ीट है। शिशुपाल पर्वत के ऊपर पहुंचने पर बड़ा सा मैदान है। जहां से बारिश के दिनों में पानी घोड़ाधार जलप्रपात के रूप में करीब 1100 फीट नीचे गिरता है। अब जिले के सरायपाली स्थित शिशुपाल पर्वत ट्रैकिंग का नया प्वाइंट बन गया है।

# शराब परोसने वाले ढाबा संचालकों पर हुई कार्यवाही

## जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत स्थित होटल, ढाबा में दी गई दबिश

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

**भाटापारा में स्थित होटल, ढाबा में सुविधा उपलब्ध कराकर लोगों को अवैध रूप शराब पिलाने की सूचना आमजनों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हो रही थी। सड़क दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण भी वाहन चालकों का ऐसे होटल ढाबों में रुककर शराब सेवन करना भी है।**

जिस कारण से ऐसे होटलए ढाबा में शराब पीने वाले संचालकों पर नकेल कसना अत्यंत आवश्यक था। इन शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं इस प्रकार के अवैधानिक कार्यों को बढ़ावा देने वाले होटल ढाबा


होटल-ढाबों पर देर रात तक परोसी जा रही शराब, आबकारी व पुलिस महकमा मौन



संचालकों पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में 26 सितंबर 2022 को सायंध्रात्रि में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संबंधित प्रभारियों के नेतृत्व में थानों की पुलिस टीम द्वारा विशेष धरपकड़ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त होटल, ढाबों मे एक साथ दबिश दिया गया। पुलिस टीम की इस औचक कार्यवाही से इन होटल ढाबा संचालकों एवं उन स्थानों में बैठे हुए लोगों में हड़कंप मच गया। कि पुलिस द्वारा इन होटल, ढाबा में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले कुल 09 होटल ढाबा संचालकों को पकड़ा गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान थाना सिटी कोतवाली मे 04, भाटापारा ग्रामीण में 02, भाटापारा शहर में 01, सुहेला में 02 होटल/ढाबा संचालकों को आमजनों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकडे गए सभी होटलध्ढाबा संचालकों के

**जिला बलौदाबाजार, भाटापारा पुलिस द्वारा होटल, ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले संचालकों पर की गई कार्यवाही**

*** होटल, ढाबा में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले संचालकों की पहचान हेतु चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान**

विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है। जिला बलौदाबाजार.भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं एवं होटल ढाबा में अवैध रुप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले होटल ढाबा संचालकों पर आगे भविष्य में भी कड़ी एवं प्रभावी कार्यवाही लगातार जारी रहेंगी।

### आरोपियों के नाम

*रायपुर रोड में परमेन्द्र सिहं सलुजा ढाबा का संचालक. परमेन्द्र सिंह सलुजा पिता स्वण् जगदीश सिंह सलुजा उम्र 38 वर्ष साकिन लवन रोड बलौदाबाजार,रायपुर रोड में सुरज पटेल ढाबा कख संचालक. सुरज पटेल पिता बालमिकी पटेल उम्र 23 वर्ष साकिन रायपुर रोड बलौदाबाजार, रिसदा बाईपास में जायसवाल ढाबा का संचालक भगत गेण्डरे पिता रूखमा गेण्डरे उम्र 26 साल साकिन ग्राम छुईहा थाना सिटी कोतवाली,दशरमा बाईपास जयंत ढाबा का संचालक जयंत भारद्वाज पिता राज कुमार भारद्वाज उम्र 25 साल साकिन दशरमा बाईपास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली,सागर ढाबा भाटापारा का संचालक मुकेश पिता भागीरथी बंजारे उम्र 30 साल निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा ग्रामीण,हुलास ढाबा अर्जुनी का संचालक कन्हैया पिता भूषण कुमार साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण, वर्मा ढाबा ग्राम हिरमी का संचालक नरेंद्र पिता अश्वनी वर्मा उम्र 23 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला,अपना ढाबा ग्राम हिरमी का संचालक गोविंद पिता जीवन वर्मा उम्र 32 साल निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला,साहू होटल,चखना सेंटर हथनी पारा वार्ड भाटापारा का संचालक अजय पिता निर्मल साहू उम्र 35 साल निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।*

## एक नजर

### लकेश बघेल महासचिव एवं पुष्पकांत मेजर को सचिव के पद पर किया नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-बालोदाबाजार।



अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस संघ जिला बलौदा बाजार भाटापारा का हुआ विस्तार,छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष गुलाब देव महाराज के अनुशंसा से संगठन ने समाज के प्रति उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता,निष्ठा,ईमानदारी व सेवा भाव को दृष्टिगत रखते हुए पुष्पकांत मेजर को बलौदा बाजार भाटापारा सचिव एवं लकेश बघेल को महासचिव नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्त होने पर प्रदेश महासचिव महेश पटेल,कोषाध्यक्ष अजीत सायतोड़े, पलारी जनपद उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव,डवोकेट मनोज आडिल, देवकरण मरकाम,विनोद, प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल रहीम, संगठन मंत्री के एम नाथ नायर महामंत्री सीएल टंडन रायपुर जिला अध्यक्ष महेश कुमार साहू खैरागढ़ जिला अध्यक्ष शोमेश कुमार एडवोकेट आर मल्होत्रा, राज यादव संतोष यादव मिथुन मानिकपुरी पूनम निषाद पूर्णइंद्र नवरंगी,करण यादव, प्रकाश दत्त दुबे सरोज कुमार साहू,संतोष कुमार साहू,कौशल वर्मा, लीलाधर वर्मा,झरियार साहू आदि संगठन के पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई दी गई।

### लोहारी रेलवे ट्रैक में मिली युवक की लाश, शव की पहचान पर पता चला मृतक था पुलिस कॉन्स्टेबल,जांच में जुटी पुलिस विभाग

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



जिला एमसीबी के नागपुर चौकी अंतर्गत ग्राम लोहारी में सुबह एक ताजा मामला सामने आया है। जहां लोहारी ग्राम से गुजरते रेलवे पटरी में एक युवक की शव मिली है। जहां देखा गया है कि शरीर और धड़ दोनों अलग पटरियों में पड़े हैं। बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान करने पर यह पता चला कि मृतक राम सिंह अयाम निवासी महाराजपुर जो कि इन दिनों पोंड़ी के 96 कॉलोनी में भी निवासरत था। चूंकि कॉन्स्टेबल राम सिंह अयाम की पोस्टिंग चिरमिरी थाना में था मगर पारिवारिक कारणों से बाध्य हो कर आज सुबह राम सिंह आयाम ने आत्महत्या कर ली। मौके पर जिला एमसीबी के पुलिस अधीक्षक टीआर कोशिमा और चिरमिरी शहर के नगर पुलिस अधीक्षक उपस्थित हुए एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए।

### पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहित करने 6 अक्टूबर से शुरू, छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक गांव से लेकर राज्य स्तर तक होंगे आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा प्रतिभागियों को मंच प्रदान करनेए उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक गांव से लेकर राज्य स्तर तक 6 अक्टूबर 2022 से प्रारंभ होकर 6 जनवरी 2023 तक चलेगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने साप्ताहिक समयसीमा की बैठक में सर्व सम्बन्धितों को छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक हेतु पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**दलीय तथा एकल श्रेणी में होंगे कुल 14 तरह के खेल**

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय एवं एकल श्रेणी में होगी। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक 2022.23 में 14 प्रकार के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इसमें दलीय श्रेणी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी कंचा, जैसे खेल शामिल किए गए हैं।

## चोरी का आरोपी खरीददार सहित गिरप्तार बेलगहना पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी पवन कुमार केंवट पिता बंधनराम केवट उम्र 35 वर्ष ग्राम केन्दा का घर का निमार्ण करवा रहा था। निमार्ण कार्य हेतु प्रार्थी 04 बंडल लोहे की छड़ लेकर आया था। 24 सितंबर 2022 को जब प्रार्थी मौके पर पहुंचा तो देखा कि 03 बंडल छड़ कीमती 20000 का नही था। कोई अज्ञात चोर चोरीकर ले गये थे। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी द्वारा चौकी बेलगहना में की गई। बेलगहना पुलिस द्वारा तत्काल धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचनाके दौरान केन्दा पुलिस सहायता केन्द्र के आरक्षक भास्कर साहू को माल मुलजिम के संबंध में जानकारी मिली जिस पर चौकी बेलगहना के प्रआर राजेश्वर साय, आरक्षक सत्येन्द आर भास्कर साहू आरक्षक ईश्वर नेताम द्वारा संतोषदास निवासी केन्दा को पकड़कर पूछताछकिया गया। जो अपने अन्य साथी अनिरूद्ध के साथ चोरी कर लोहे के छड़ को श्यामलाल विश्वकर्मा को बेच देना बतलाये। जिस पर पुलिस द्वारा श्यामलाल विश्वकर्मा से लोहे की छड़ बरामद कर आरोपियों, संतोषदास पिता मनबोध मानिकपुरी उम्र 28 सा. केन्दाचारपारा चौकी बेलगहना एवं खरीददार, श्यामलाल विश्वकर्मा पिता श्रीराम उम्र 42 सा.केन्दा कुम्हारपारा चौकी बेलगहना को गिरप्तार कर जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## ग्राम बोरतरा में हरि कीर्तन प्रतियोगिता संपन्न हुआ, 40 हरि कीर्तन टोली ने प्रतियोगिता में भाग लिया

कुर्मी खाम्ही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखंड के क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत बोरतरा जहां पर हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2022 शाम 4 बजे से 25 सितंबर 2022 तक रखा गया था जिसमें 24 घंटे की हरि कीर्तन का आयोजन में हरि कीर्तन प्रतियोगिता आयोजन रखा गया था। जिसमें 40 हरि कीर्तन प्रतियोगिता मंडलियों ने भाग लिया और बड़े ही अच्छे और आनंदित ढंग से बोरतरा की धरती को राम नाम की ध्वनि से गुंजायमान कर दिया और बोरतरा की धरती में इस तरह का आयोजन लगातार हर वर्ष किया जा रहा है इस वर्ष भी बड़े



ही अच्छे अंदाज में हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता हुआ जिसमें कुर्मीखाम्ही,फ दवानी,कटई,पांडे खम्हरिया,सेमरकोना,पेंड्री,बुचीपुर, कटई ठ, जरहापारा,अमोरा से,कान् हरपुर,कमलपुर,घोघरा चुने गए और पुरस्कार समस्त हरि कीर्तन मंडली एवं ग्रामवासी बोरतरा के द्वारा जिस राशि से रखे गए थे उनके अनुसार दिया गया तथा सभी मानस मंडली के 960 की सम्मानित राशि भी दी गई जिस में मुख्य रूप से अध्यक्ष मां महामाया देवी, कोषाध्यक्ष महादेव, संरक्षक बजरंगबली, यजमान राम साहू कौशल्या साहू, ग्राम आचार्य गौतम प्रसाद तिवारी घोघरा,मंच संचालक डॉ मानसिंह साहू, रज्जू यादव, लाइट टेंट एवं साउंड में मां शक्ति डीजे बोरतरा तथा हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता के माध्यम से यह बताया गया कि प्रतिवर्ष इस तरह का आयोजन ग्राम बोरतरा में होता है और यह आगे भी जारी रहेगा ग्राम पंचायत सरपंच लता रज्जू यादव ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि।

### एक घड़ी आधो घड़ी,आधो के पुनिआध,तुलसी चर्चा राम के कटै कोट अपराध

*अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं कि प्रभु राम का नाम 24 घंटे में एक बार नहीं तो 12 घंटे में एक बार अगर आप 12 घंटे में भी एक बार राम का नाम नहीं ले सकते तो एक बार ही ले आपके जितने भी अपराध है वह दूर हो जाए उपरोक्त बातों के आधार पर जीवन को धन्य बनाते हुए राम का नाम लेने की मुखिया ने लोगों से अपील की।*

## पाली पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी,पाली थाना अंतर्गत हत्या कर सोने की माला को लूटने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पाली थाना अंतर्गत खैरा बहार में 23 सितंबर 2022 को महिला की हत्या की खबर मिले थी। जिस पर महिला के मृत अवस्था में मिलने के दौरान पंचनामा विवेचना कार्यवाही में मदद एवं राय देने हेतु एफएसएल अधिकारी एवं डॉग स्कॉट प्रभारी के उपस्थिति में विधिवत पंचनामा कार्यवाही किया गया। पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतका की एक पालतू बिल्ली उसे भी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा किसी चीज से मार कर हत्या कर दी गई थी। जिस पर साक्ष्यो को जप्त कर मृतिका एवं मृत बिल्ली का पीएम कराया गया। पीएम में शार्ट रिपोर्ट हासिल होने के बाद प्रथम दृष्टया मृतका की गला एवं सीना को दबाए जाने से मृत्यु होना बताया जाने पर अपराध क्रमांक 283/2022 धारा 302, 397



भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामला अज्ञात हत्या का होने से पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह से उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के निर्देशन पर थाना प्रभारी पाली के नेतृत्व व मार्गदर्शन पर विवेचना कार्यवाही के दरमियान थाना पाली से दो टीम दिन और रात गांव में आरोपी को पता तलाश हेतु लगाई गई थी इस दौरान पता चला कि गांव में रहने वाला मृतका का पड़ोसी रामरतन मृतका के जमीन को अधिया में लेकर चार पांच वर्षों से खेती करने का काम कर रहा था उपज का हिस्सा को बांटने को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होते रहता था घटना दिनांक को भी मृतिका के घर में मृतिका और आरोपियों के बीच शराब पीने के बाद उपजे बंटवारे के बाद को लेकर फि र से विवाद हुआ विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर रामरतन ने काशी के साथ मिलकर मृतिका का गला दबाकर हत्या कर दिया।

अंतर महाविद्यालीन युवा महोत्सव मड़ई 2022

## कृषि महाविद्यालय साजा के छात्र-छात्राएं भी होंगे शामिल



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा के छात्र-छात्राओं ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालीन युवा महोत्सव मड़ई-2022 में भाग लेंगे। यह महोत्सव राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, अंबिकापुर में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित हो रहा है। इस महोत्सव में कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा के अधिष्ठाता डॉ. आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. ए.के.श्रीवास्तव, रोहित धृतलहरे व सुश्री सुषमा चक्रधारी 27 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे-भारतीय नृत्य, लोक नृत्य, देशभक्ति नृत्य, संगीत, प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, स्कीट, माइम, मोनो एक्टिंग, पोस्टर पेंटिंग, रंगोली एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने हेतु साजा से अंबिकापुर के लिए प्रस्थान किया।


## ग्राम बोरतरा में हरि कीर्तन प्रतियोगिता संपन्न , 40 हरि कीर्तन टोली ने प्रतियोगिता में भाग लिया

कुर्मी खाम्ही ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**बेमेतरा जिला के नवागढ़ विकासखंड के क्षेत्र में आने वाला ग्राम पंचायत बोरतरा जहां पर हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 24 सितंबर 2022 शाम 4 बजे से 25 सितंबर 2022 तक रखा गया था जिसमें 24 घंटे की हरि कीर्तन का आयोजन में हरि कीर्तन प्रतियोगिता आयोजन रखा गया था।**

जिसमें 40 हरि कीर्तन प्रतियोगिता मंडलियों ने भाग लिया और बड़े ही अच्छे और आनंदित ढंग से बोरतरा की धरती को राम नाम की ध्वनि से गुंजायमान कर दिया और बोरतरा की धरती में इस




9 सितम्बर को जारी नोटिस



सामान्य प्रशासन विभाग का आदेश


तरह का आयोजन लगातार हर वर्ष किया जा रहा है इस वर्ष भी बड़े ही अच्छे अंदाज में हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता हुआ जिसमें कुर्मीखाम्ही,फ दवानी,कटई,पांडे खम्हरिया,सेमरकोना,पेंड्री,बुचीपुर ,कटई ठ, जरहापारा,अमोरा से,कान् हरपुर,कमलपुर,घोघरा चुने गए और पुरस्कार समस्त हरि कीर्तन मंडली एवं ग्रामवासी बोरतरा के द्वारा जिस राशि से रखे गए थे उनके अनुसार दिया गया तथा सभी मानस मंडली के 960 की सम्मानित राशि भी दी





गई जिस में मुख्य रूप से अध्यक्ष मां महामाया देवी,





कोषाध्यक्ष महादेव, संरक्षक बजरंगबली, यजमान राम साहू कौशल्या साहू, ग्राम आचार्य गौतम प्रसाद तिवारी घोघरा,मंच संचालक डॉ मानसिंह साहू, रज्जू यादव, लाइट टेंट एवं साउंड में मां शक्ति डीजे बोरतरा तथा हरि कीर्तन रामधुनी प्रतियोगिता के माध्यम से यह बताया गया कि प्रतिवर्ष इस तरह का आयोजन ग्राम बोरतरा में होता है और यह आगे भी जारी रहेगा ग्राम पंचायत सरपंच लता रज्जू यादव ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि।

**एक घड़ी आधो घड़ी,आधो के पुनिआध,तुलसी चर्चा राम के कटै कोट अपराध**

**अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं कि प्रभु राम का नाम 24 घंटे में एक बार नहीं तो 12 घंटे में एक बार अगर आप 12 घंटे में भी एक बार राम का नाम नहीं ले सकते तो एक बार ही ले आपके जितने भी अपराध है वह दूर हो जाए उपरोक्त बातों के आधार पर जीवन को धन्य बनाते हुए राम का नाम लेने की मुखिया ने लोगों से अपील की।**



# खतरों के खिलाड़ी 12 से बाहर हुईं कनिका मान

रोहित शेट्टी का स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में बना हुआ है। इस के स्टंट्स ने सभी को हैरान कर दे रख दिया है। अब जल्द ही शो को अपना विजेता मिलने वाला है, जिसका फैंस को काफी लंबे समय से इंतजार था। इस शो के ग्रैंड फिनाले में 6 कंटेस्टेंट्स ने अपनी जगह बनाई थीं, जिसमें टीवी एक्ट्रेस दिलैक सहित 5 अन्य स्टार्स भी है। लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि शो से एक कंटेस्टेंट बाहर हो गया है। तो चलिए जानते है इस बार किसको रोहित शेट्टी के शो से बाहर का रास्ता देखना पड़ा है।

टीवी का इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला शो खतरों के खिलाड़ी 12 जिसे रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे है, वो एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस शो एक और कंटेस्टेंट को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इस बार एलिमिनेशन स्टंट कनिका मान और जन्नत जुबैर के बीच हुआ। कनिका मान समय पर एलिमिनेशन स्टंट पूरा नहीं कर पाई और उन्हें शो से हार होना पड़ा। ग्रैंड फिनाले में 6 कंटेस्टेंट्स पहुंचे थे, लेकिन अब कनिका मान के बाहर जाने के बाद टॉप 5 की लिस्ट जारी हो गई है। इस लिस्ट में जन्नत जुबैर, रुबीना दिलैक, तुषार कालिया, मोहित मलिक और फैजल शेख हैं।



# ट्यूब टॉप में कचनार की कली लग रहीं अवनीत कौर

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी कातिलाना अदाओं से किसी को भी अपना दीवाना बना लेती हैं। वहीं, उनका रेड श्रग और व्हाइट ट्यूब टॉप में लुक बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रहा है। फैंस उनकी फोटोज का इंतजार बेसब्री से करते हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीरों पर अपना जमकर प्यार लुटाते हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर रेड श्रग, व्हाइट ट्यूब टॉप और ब्लू जींस में बेहद ही कातिलाना नजर आ रही हैं। अवनीत कौर इस आउटफिट में जमकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

उनके फिगर को देखकर फैंस जबरदस्त आहें भर रहे हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर का अपनी बलखाती कमर से फैंस को मदहोश कर रही हैं। अवनीत जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक करते हैं। साथ ही कॉमेंट्स के साथ रिएक्शंस भी देते हैं। न्यूड मेकअप, लॉन्ग ईयररिंग्स और साइनी हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस को देखकर फैंस का खुद पर काबू रखना मुश्किल हो रहा है। जल्द ही अवनीत कौर लीजेंड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' फिल्म में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टा पर 32.6 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए लगातार वीडियो या फोटो शेयर करती रहती हैं। अवनीत कौर की कातिलाना अदाएं देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।

## 14 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म कोड नेम: तिरंगा, नयी जोड़ी करेगी धमाका

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और मशहूर पंजाबी गायक हार्डी संधू की जोड़ी जल्द आपको नजर आने वाली है। जी दरअसल इन दोनों को आप फिल्म कोड नेम: तिरंगा में देखने वाले हैं जो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। टी-सीरीज, रिलायंस एंटरटेनमेंट, फिल्म हैंगर और फिल्म निर्माता रिभु दासगुप्ता की इस अगली फिल्म की रिलीज डेट जारी कर दी गई है। जी दरअसल खबर है कि यह फिल्म अगले महीने 14 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। वहीं इस फिल्म की रिलीज को लेकर फिल्ममेकर रिभु दासगुप्ता काफी उत्साहित है। आपको बता दें कि




फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए उन्होंने कहा कि, मुझे अपनी अगली फिल्म कोड नेम: तिरंगा की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## विजय और रश्मिका स्टारर वरिसु की आखिरी शेड्यूल की शूटिंग शुरू

तमिल स्टार विजय की बहुप्रतीक्षित वरिसु का आखिरी शेड्यूल रविवार से शुरू होना है। इसका निर्देशन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। फिल्म का शीर्षक वरिसु का अर्थ उत्तराधिकारी या वारिस है। दिलचस्प बात यह है कि शीर्षक पोस्टर में टैगलाइन है ‍= द बॉस रिटर्न्स। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने ट्वीट किया कि दो एक्शन सीक्वेंस और दो गाने शूट होने बाकी हैं और उसके बाद फिल्म को बंद कर दिया जाएगा।



# खेल

संजू के समर्थन में फैंस ने लगाए नारे

## टी-20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल नहीं किए गए; 7 साल में सिर्फ 16 इंटरनेशनल मैच खेले

**तिरुवनंतपुर।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के फैंस टीम इंडिया और उसके मैनेजमेंट से नाराज हैं। फैंस ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की है। जब टीम सोमवार को तिरुवनंतपुरम पहुंची तो फैंस ने संजू...संजू के नारे लगाए। हालांकि वे टीम का विरोध नहीं बल्कि संजू का समर्थन कर रहे थे। वहीं, टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल और आर अश्विन ने संजू को टैग करते हुए इंस्टा स्टोरी डाली। इसमें फैंस उनके नाम के नारे लगा रहे थे। टीम इंडिया को बुधवार को तिरुवनंतपुरम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 टी20 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेलना है। वर्ल्ड कप टीम में नहीं हैं संजू संजू सैमसन टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीम




इंडिया में नहीं चुने गए हैं। उनकी जगह ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक को चुना गया है। संजू ने टीम इंडिया के लिए आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला 7 अगस्त को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। पिछली 8 पारियों (वनडे, टी20 इंटरनेशनल) की बात करें तो संजू ने 135.15 की स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाए हैं। इसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। संजू सैमसन को टीम इंडिया के चयनकर्ताओं ने कभी भी ज्यादा तरजीह नहीं दी है।

वो लगातार अपने आप को साबित करते आए हैं, लेकिन उन्हें अभी तक इंटरनेशनल क्रिकेट में पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं। साल 2015 में पहला इंटरनेशनल टी-20 मैच खेलने के बाद संजू ने अब तक सिर्फ 16 इंटरनेशनल टी-20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने 135.15 के स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाए हैं। टी20 इंटरनेशनल में संजू ने 23 चौके और 13 छक्के जमाए हैं। ऐसे में उन्हें वर्ल्ड कप टीम में मौका दिया जा सकता था।

### IPl-15 में 5 फिफ्टी सहित 458 रन बनाए

IPL-15 में संजू अपनी शानदार कप्तानी के कारण हर तरफ छाए रहे। इसके बाद भी टीम इंडिया के चयनकर्ताओं ने उन्हें इग्नोर किया। वे टॉप ऑर्डर या मिडिल ऑर्डर में तेज बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी का विकल्प हो सकते थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दिया 187 रन का लक्ष्य, रवींद्र जडेजा के बाद एक और प्लेयर चोटिल



**नई दिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला आज हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने इस निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाया है। भारत को अब सीरीज जीतने के लिए 187 रन बनाने होंगे। कंगारुओं के लिए जोस इंग्लिस ने 52 और टिम डेविड ने 54 रन का स्कोर बनाया। डेनियल सेम्स ने भी नाबाद 28 रन की पारी खेली। भारत की ओर से अक्षर पटेल सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने तीन विकेट चटकाए।

### रवींद्र जडेजा के बाद एक और प्लेयर चोटिल

सीरीज़ में 1-1 से बराबरी के बाद यहां पर जीत दर्ज कर इतिहास रचने का मौका है। लेकिन मैच से इतर टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर दीपक हुड्डा की बैक में इंजरी हुई है।

### एक नजर

## 7वें पुलिस जूडो क्लस्टर में सीआईएसएफ ने पहला स्थान हासिल किया




**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने 7वें अखिल भारतीय पुलिस जूडो क्लस्टर-2022 में 71 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 50 पदक के साथ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीम कुल 50 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रही।

सीआईएसएफ ने पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 27 स्वर्ण, 13 रजत और 31 कांस्य पदक जीते। एसएसबी ने 21 स्वर्ण, 21 रजत और 25 कांस्य हासिल किये जबकि आईटीबीपी ने 21 स्वर्ण, 17 रजत और 12 कांसे के तमगे जीते।

सीआईएसएफ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में शनिवार को भारत के लोकपाल की सदस्य अर्चना रामासुंदरम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर सीआईएसएफ के महानिदेशक शीलवर्धन सिंह, आसूचना ब्यूरो के विशेष निदेशक मनमोहन सिंह, सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नडाल ने लेवर कप से नाम वापस लिया

लंदन ,26 सितंबर ।स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने 'निजी कारणों' का हवाला देते हुए लेवर कप के शेष बचे मैचों से नाम वापस ले लिया। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि उनकी जगह टीम यूरोप में कैमरून नॉरी शामिल होंगे। नडाल ने टीम यूरोप के लिए युगल मैच में दोस्त और प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर के साथ उनके आखिरी मैच में भागीदारी की। यह जोड़ी हालांकि टीम वर्ल्ड के जैक सॉक और फ्रांसिस टियाफो के हाथों 4-6, 6-2, 11-9 से हार गयी।



नडाल ने बाद में कहा कि उनका एक महत्वपूर्ण हिस्सा फेडरर के सन्यास के साथ टूर छोड़ रहा था। फेडरर की जगह टीम यूरोप में इटली के मैटियो बेरेटिनी को शामिल किया गया है।

नडाल की पत्नी मेरी पेरेलो जल्द ही उनके पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं, लेकिन वह अपने स्विस प्रतिद्वंदी के अंतिम मैच में उनका साथ देने के लिए लंदन गये थे। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने विंबलडन सेमीफाइनल से पहले हटने के बाद केवल पांच एकल मैच खेले हैं। उन्होंने यूएस ओपन से जल्दी बाहर हो गए।

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत की टेंशन बढ़ी

## दीपक हुड्डा चोट के कारण साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर, हार्दिक पंड्या भी नहीं खेलेंगे

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की टेंशन बढ़ गई है। दीपक हुड्डा चोट के कारण साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर हो गए हैं। वहीं, हार्दिक पंड्या को रेस्ट दिया गया है। 28 सितंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज शुरू हो रही है। हुड्डा की जगह शहबाज अहमद और पंड्या की जगह श्रेयस अय्यर टीम का हिस्सा बने हैं।

सीरीज का पहला मैच तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। हार्दिक ने अभी हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 3 मैच में 190.90 के स्ट्राइक रेट से 105 रन बनाए थे। ऐसा माना जा रहा है कि वर्ल्ड कप को देखते हुए पंड्या को




आराम दिया गया है। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि इस मेगा टूर्नामेंट के लिए हार्दिक जैसे खिलाड़ी पूरी तरह से फ्रेश रहें।

### इस कारण बाहर हुए हुड्डा

दीपक हुड्डा साउथ अफ्रीका सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। इससे भारतीय टीम की परेशानी बढ़ गई है। बोर्ड ने कहा है कि दीपक हुड्डा को बैक इंजरी हुई है। हुड्डा वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया का हिस्सा हैं। ऐसे में उनकी चोट ने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए हुड्डा की जगह शहबाज को मौका दिया गया है। हुड्डा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में एक भी मैच नहीं खेले थे।

चार्ली डीन ने मांकडिंग विवाद पर तोड़ी चुप्पी

## दीप्ति से रन आउट हुई इंग्लैंड की खिलाड़ी बोली - अब क्रीज में ही रहूंगी

इंडियन वुमन टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा के मांकडिंग (रन आउट) से इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन को आउट करने का मामला अब भी गर्म है। इस मामले पर लगातार क्रिकेट के दिग्गजों के बयान सामने आ रहे हैं। दीप्ति शर्मा ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर मीडिया के सामने अपनी बात रखी। अब रन आउट की शिकार हुई चार्ली ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात सोशल मीडिया के जरिए साझा की है। उन्होंने कहा कि अब से वो बॉल डिलीवरी के पहले क्रीज में ही रहेंगी।

चार्ली ने सोशल मीडिया पर इंग्लैंड टीम के साथ कुछ फोटो साझा करते हुए लिखा, 'गर्मियों का अंत दिलचस्प रहा। इंग्लैंड की जर्सी में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर



खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब से शायद मैं अपनी क्रीज में रहूंगी।'

इंडिया-इंग्लैंड वुमन वनडे सीरीज 18 सितम्बर से इंग्लैंड में आयोजित की गई थी। इस सीरीज में भारत ने इंग्लैंड को 23 साल बाद उसके ही घर में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इसी सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच के दौरान दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की चार्ली डीन को मांकडिंग आउट किया था।

# दूसरे के सहारे जनदर्शन में पहुंचे थे दिव्यांग, मिला ट्रायसाइकिल का सहारा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बरमकेला और सरिया विकासखण्ड से दूसरों के सहारे दूरी तय करके जनदर्शन में पहुंचे दिव्यांगो ने सोचा नहीं होगा कि चंद मिनटों में उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा और वो जब लौटेंगे तो दूसरे की सहारा की आवश्यकता नहीं होगी।



लेकिन आज रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने उनकी समस्या से अवगत होते ही विकासखंड सरिया के ग्राम पंचधार निवासी श्रीमती शकुंतला पटेल एवं विकासखण्ड बरमकेला के ग्राम पिरहा निवासी जीवन निषाद को तत्काल ट्रायसाइकिल प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिए। जिसके पश्चात जनदर्शन में ही दोनों दिव्यांगों को ट्रायसाइकिल प्रदान किया गया। इस दौरान उन्होंने जीवन निषाद के दिव्यांगता को देखते हुए पुन: मेडिकल बोर्ड के समक्ष जांच के निर्देश दिए, ताकि उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल का लाभ मिल सके। इस दौरान दोनों हितग्राहियों ने उनकी समस्या के निराकरण करने पर कलेक्टर साहू को अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। जनदर्शन में लगभग 150 से ऊपर लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर साहू ने सभी आवेदनों को देखा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में जो भी आवेदन आते है उसे तुरंत निराकृत करते हुए कलेक्टर कार्यालय एवं संबंधित आवेदकों को भी सूचित करें। जिससे आवेदक को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनदर्शन में विकासखण्ड खरसिया ग्राम तिलाईपाली निवासी सरस्वती चौहान ने राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के संबध में आवेदन लेकर आई थी, उनका कहना था कि उनके पति का देहांत हो चूका है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ग्राम पंचायत में आवेदन किया था, लेकिन आज तक पेंशन नहीं मिला। जिस पर कलेक्टर साहू ने सीईओ जनपद खरसिया को जांच के निर्देश दिए। कोष्टा पारा पैलेस रोड निवासी सुमित्रा मेहर ने सहारा इंडिया में जमा राशि के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में आई। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों के नाम पर राशि जमा की गई है। वर्तमान में पैसे की अत्यन्त आवश्यकता है। जिस पर कलेक्टर से आवेदन पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। ग्राम तारापुर निवासी नानदाई डनसेना ने विकलांग पेंशन का आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर है, जिसके पश्चात उनका विकलांग प्रमाण पत्र भी जारी किया गया था। पेंशन के संबंध में ग्राम पंचायत में आवेदन भी दिया गया है लेकिन आज पर्यंत तक पेंशन राशि प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने विकलांग पेंशन दिलवाने के संबंध के कलेक्टर से निवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर साहू ने आवेदन के संबंध में संबंधित अधिकारी को जांच कर पेंशन की जानकारी लेने के निर्देश दिए। रायगढ़ के बेलादुला खर्रा घाट निवासी सुनंदा मिश्रा ने अपनी बेटी के फीस के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने कहा की उनकी बेटी कक्षा तीसरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रही हैं। जिसका अत्यधिक फीस होने के कारण फीस जमा करने में कठिनाई हो रही हैं। जिस पर कलेक्टर साहू ने डीईओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ कबीर चौक निवासी यशवंत कुमार साहू ने अपनी माता के नाम से राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत पट्टा के लिए आवेदन लेकर आए। जिस पर कलेक्टर ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जामगांव निवासी पदम यादव, ग्राम सकरबोगा निवासी केशव जोगी एवं बेलमती भोय ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन किया। कलेक्टर साहू ने आवेदन पर संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार कौहाकुड़ा निवासी झुम्पा समहदार, फूलबाई यादव एवं विद्याधर बेहरा, लोचन नगर निवासी मीना शुक्ला ने राशन कार्ड के संबध में आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर साहू ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करते हुए पात्रता अनुसार राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए।



## एक नजर

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 29 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मरीन ड्राइव एसईसीएल रोड रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।

प्लेसमेंट कैम्प में जिन पदों में भर्ती की जाएगी। इनमें मे.एयरटेल पेमेंट बैंक रायगढ़ में ग्रामीण बैंक मित्र/एक्वीजिशन बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्युटिव के 10 पद रिक्त है। इसी तरह मे.महावीर एनर्जी एंड कोल बेनिकेशन लि.रायगढ़ में टेक्नीशियन इंस्ट्रुमेंटेशन एवं इलेक्ट्रीशियन के 01-01 पद तथा मे.महिन्द्रा ऑटोमोटिव रायगढ़ में टेक्नीशियन में 5 पद, इलेक्ट्रीशियन में 2 पद, कम्प्यूटर टेक्नीशियन में 01 पद तथा हेल्पर में 5 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान व सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 28 सितम्बर को दोपहर 12.15 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### आयुष विभाग में योगा वेलनेस सेंटर प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला मुख्यालय रायगढ़ में योगा वेलनेस सेंटर की स्थापना की गयी है। यह सेंटर शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, रायगढ़ के परिसर में संचालित है। जिसमें विभिन्न रोगों के निवारण एवं स्वस्थ संरक्षण हेतु योगा अभ्यास योग चिकित्सक के मार्गदर्शन में कराया जाता है। योगाभ्यास मार्गदर्शन हेतु एक योग चिकित्सक एवं एक योगा सहायक की नियुक्ति की गई है। अभी योग सेंटर में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक जनसामान्य हेतु नि:शुल्क योगाभ्यास कराया जाता है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आने वाले में बाह्य रोगी विभाग ओपीडी मरीजों को योग परामर्श हेतु प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक योग चिकित्सक उपलब्ध रहते है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में योगा वेलनेस सेंटर आकर नि:शुल्क योगासन एवं ध्यान अभ्यास का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

### तीन पंचायत सचिव निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत तीन पंचायत सचिव श्री उमेश सिदार, कन्हैया लाल खड़िया एवं होलसाय सिदार को गोधन न्याय योजना एवं ग्राम पंचायत के कार्यो में रूचि नहीं लेने, पंचायत मुख्यालय में निवास नहीं करने, 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि का अनियमित भुगतान करने, जीवित पेंशन हितग्राही का मृत्यु प्रमाण-पत्र करने एवं अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण प्रथम दृष्टियां दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उक्त तीनों पंचायत सचिव को मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में अटैच किया गया गया है।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत धरमजयगढ़ ग्राम पंचायत जगालमौहा के पंचायत सचिव उमेश सिदार जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने, पंचायत मुख्यालय में निवास नहीं करने, ग्राम पंचायत के कार्यों में रूचि नहीं लेने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवलेहना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये गये थे। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत सोनपुर के पंचायत सचिव कन्हैयालाल खड़िया द्वारा राष्ट्रीय त्यौहार में मुख्यालय पंचायत से अनुपस्थित रहने, गोधन न्याय योजना के कार्यो में लापरवाही बरतने, ग्रामवासियों से अभद्र व्यवहार करने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश/निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये गये थे। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत ठाकुरपोड़ी के पंचायत सचिव होलसाय सिदार पंचायत मुख्यालय में निवास नहीं करने, जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने, गोधन न्याय योजना के कार्यो में रूचि नहीं लेने, 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि का अनियमित भुगतान करने, जीवित पेंशन हितग्राही का मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टियां दोषी पाये गये थे।

## रतनपुर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के प्रशिक्षण अवधि में पेंड्रा नगर पंचायत के सीएमओ को सौंपा अतिरिक्त पदभार



जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर में इन दिनों शारदीय नवरात्र का पर्व मनाया जा रहा है। आम श्रद्धालुओं के साथ वीआईपी मेहमानों की भी आवाजाही बनी हुई है। ऐसे ही महत्वपूर्ण अवसर पर नगर पंचायत पेंड्रा के सीएमओ कन्हैया निर्मलकर को रतनपुर मुख्य नगरपालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मंगलवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। रतनपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष वारे प्रशिक्षण पर गए हुए हैं, उनके प्रशिक्षण अवधि में मुख्य नगरपालिका अधिकारी की जिम्मेदारी कन्हैया निर्मलकर को दिया गया है। उनके पास नगर पंचायत पेंड्रा सीएमओ का अतिरिक्त पदभार भी रहेगा। उनके द्वारा नगर पालिका रतनपुर में पदभार ग्रहण करने के अवसर पर एल्डरमैन पार्षद रामगोपाल कहरा पार्षद नीतू सिंह क्षत्री, पार्षद दीपांशु तिवारी एवं नगर पालिका रतनपुर के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला थोक उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष शिवराज राऊत ने किया लाभ का बजट पेश

**दुर्ग** । सोमवार को जिला थोक उपभोक्ता भंडार की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला थोक उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष शिवराज राऊत ने समस्त संचालक गण अंश धारी सदस्य की उपस्थिति में आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए लाभ का बजट पेश किया। बैठक में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक डॉ बालमुकुंद देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा के महामंत्री ललित चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश ताम्रकार विशेष रूप से उपस्थित थे।

## टेट परीक्षा में नंदेली में नकल प्रकरण की जांच हुई पूरी, दोषियों पर हुई कड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

18 सितंबर को हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा में परीक्षार्थी धनंजय चौहान ने परीक्षा केंद्र नंदेली में परीक्षा केंद्राध्यक्ष और डयूटीरत शिक्षकों पर परीक्षा में नकल कराए जाने के गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत कलेक्टर रायगढ़ व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ से भी की थी। गृह ग्राम नंदेली के परीक्षा केंद्र में नकल कराए जाने की शिकायत के संज्ञान में आते ही उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य को शिकायत जांच के सख्त निर्देश दिए थे जिस पर डीईओ आदित्य ने विगत दिनों परीक्षा केंद्र स्थल नंदेली पहुंच कर प्रकरण की गंभीरता से जांच प्रारंभ की थी। नकल कराए जाने की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य द्वारा अपनी जांच पूरी कर, जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा करते हुए अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर रायगढ़ को सौंपी गई थी। जांच में दोषी पाए गए संबंधितों पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात कड़ी कार्यवाही की गई है। नंदेली परीक्षा सेंटर के ऑब्जर्वर उत्तरा कुमार सिदार के खिलाफ कलेक्टर जिला रायगढ़ द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग इंद्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर को संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है। जांच में ऑब्जर्वर उत्तरा कुमार सिदार को नकल प्रकरण, प्रोफार्मा-3 में तैयार किए जाने के बावजूद भी, व्यापम छत्तीसगढ़ रायपुर को जानकारी नहीं भेजने संबंधी कृत्य में संलिप्त होना पाया गया है। मदन कुमार पटेल प्रभारी प्राचार्य/केंद्राध्यक्ष के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कलेक्टर जिला रायगढ़ द्वारा संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर को संबंधित की एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु पत्र जारी किया गया है। मदन कुमार पटेल (केंद्राध्यक्ष) के द्वारा नकल प्रकरण बनाने एवं परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक बदलने आदि की जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई और ना ही, नकल प्रकरण जो प्रोफॉर्मा-3 में तैयार की गई थी उसे पंजीबद्ध कर व्यापम छत्तीसगढ़ रायपुर को भेजा गया। केंद्राध्यक्ष मदन कुमार पटेल द्वारा तथ्य को छुपाते हुए नकल प्रकरण को दबाए जाने की पुष्टि होना पाया गया है। वहीं पर्यवेक्षक सुनीता एक्का के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कलेक्टर जिला रायगढ़ के द्वारा संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर को संबंधित को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है। पर्यवेक्षक सुनीता एक्का द्वारा परीक्षा के दौरान बार-बार परीक्षार्थी भुनेश्वर चौधरी एवं प्रियंका पटेल, संदिग्ध परीक्षार्थियों से बात करना, सामग्री का आदान प्रदान करना जो कि पर्यवेक्षक के कर्तव्य के विपरीत होने जैसे कृत्य की पुष्टि होना पाया गया व इनके द्वारा नकल प्रकरण प्रोफार्मा-3 में हस्ताक्षर किए जाने के पश्चात भी बयान में जानकारी छुपाए जाने के कृत्य की पुष्टि हुई है। वहीं पर्यवेक्षक राजेंद्र पटेल, सहायक शिक्षक एलबी पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ द्वारा कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पर्यवेक्षक राजेंद्र पटेल के द्वारा परीक्षा के दौरान बार-बार परीक्षार्थी भुनेश्वर चौधरी व प्रियंका पटेल, संदिग्ध परीक्षार्थियों से बात करना, सामग्री का आदान प्रदान करना जो कि पर्यवेक्षक के कर्तव्य के विपरीत होने जैसे कृत्य की पुष्टि होना व नकल प्रकरण प्रोफार्मा-3 के भराए जाने के पश्चात भी बयान में जानकारी छुपाए जाने जैसे कृत्य की पुष्टि होना पाया गया है। विदित हो कि परीक्षार्थी प्रियंका पटेल द्वारा परीक्षा के द्वारा अनुचित साधन का उपयोग करने के फलस्वरूप नकल प्रकरण प्रोफार्मा-3 बनाया गया, जिसकी प्रति संलग्न कर संबंधित के विरुद्ध नकल प्रकरण अंतर्गत कार्यवाही किए जाने हेतु कलेक्टर जिला रायगढ़ के द्वारा सचिव, व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर को संबंधित के विरुद्ध नकल प्रकरण अंतर्गत कार्यवाही करने हेतु पत्र जारी किया गया है तथा भुनेश्वर चौधरी जो कि जुलाई 2022 से उच्च वर्ग शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं, जिनके द्वारा पूर्व माध्यमिक टेट परीक्षा-2019 में उत्तीर्ण कर लिया गया था, उनके द्वारा पुन: 2022 की टेट परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं थी, बावजूद इसके द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षार्थी प्रियंका पटेल को नकल सामग्री प्रेषित किए जाने की पुष्टि होने के फलस्वरूप जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ द्वारा कलेक्टर के अनुमोदन से संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग सरगुजा एवं जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर को संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पत्र जारी किया गया है।

## पत्थलगांव में बूस्टर डोज लगवाने और एनीमिया मुक्त जशपुर बनाने के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला प्रशासन जशपुर और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में किशोर स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा, जीवन कौशल और रोजगार हेतु सुरक्षित पलायन पर ध्यान देने के साथ ही किशोर सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति लाने के लिए जय हो कार्यक्रम की शुरुआत किया गया है। इसी कड़ी में जय हो वॉलिंटियर द्वारा विगत दिवस पत्थलगांव विकासखण्ड में घर-घर जाकर लोगों को जय हो कार्यक्रम के बारे में जानकारी दे रहें हैं। जय हो टीम द्वारा डोर टू डोर जा कर 30 सितंबर से पहले बूस्टर डोज लगवाने और जशपुर को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है। जय हो टीम के अनिता यादव ने बताया कि जशपुर में साईबर क्राइम प्रशिक्षण में उपस्थित होकर उन्होंने प्रशिक्षण लिया और टीम के अन्य वॉलिंटियर को भी साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी।



**यूनिसेफ और जिला प्रशासन की जय हो टीम द्वारा साइबर क्राइम के बारे में भी लोगों को दे रहें है जानकारी**



## राम महिमा और नवरंग की शानदार प्रस्तुति, खैरागढ़ विश्वविद्यालय में लगातार कार्यक्रम जारी

जोहार छत्तीसगढ़-खैरागढ़।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत एक भव्य आयोजन किया गया है। इसके अन्तर्गत चार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कुलपति पद्मश्री डॉ मोक्षदा ममता चंद्राकर, कुलसचिव प्रो. डॉ आईडी तिवारी, सुविख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक प्रेम चंद्राकर समेत समस्त अधिष्ठाता, प्रोफेसरए विद्यार्थीगण उपस्थित थे। प्रस्तुतियों के संबंध में अधिष्ठाता डॉ. नीता गहरवार ने जानकारी दी है कि सभी प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्राममहिमा शबरी की प्रस्तुति देने वालों में तनुश्री चौहान, शीतल उरांव, रानी सिंह, सृष्टि भदौरिया, प्राची यादव, पूजा यादव, वैष्णवी गुहा, प्रणित केकरे, रूपम चक्रवर्ती, जय होश की भी शानदार प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों के द्वारा दी गई।



### रुति मंडल 28 सितंबर को

पाक्षिक कार्यक्रम रुति मंडल के अंतर्गत 28 सितंबर को होने वाले आयोजन में तीन प्रस्तुतियां होंगी। विश्वविद्यालय रुति मंडल समिति की ओर से दी गई जानकारी के अनुसारए पहली प्रस्तुति युगल तबला वादन होगी। इसमें ऋषभ साहू और अजय कुशवाहा तबला वादन पेश करेंगे। भोजराज आचार्य हारमोनियम पर संगत करेंगे। द्वितीय प्रस्तुति में जगजीत रौशन के हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायन में अमित सूर्यवंशी हारमोनियम पर, दुष्यंत यादव तबले पर संगत करेंगे। तृतीय और अंतिम प्रस्तुति के रूप में प्रेरणा राणा कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ पं विवेक देशमुख तबला एवं पढ़न्त सहयोग करेंगे। रोशन कुमार गायन एवं हारमोनियम सहयोग करेंगे। शफीक हुसैन सारंगी पर तथा बिहारी तारम बांसुरी पर सहयोग करेंगे। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कैम्पस 2 स्थित ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे होगा।

# कलेक्टर रानू साहू की पहल, अक्टूबर से जिले में लगेंगे वृहत स्वास्थ्य शिविर, स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स भी रहेंगे मौजूद

## कलेक्टर साहू ने समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग को तैयारियों के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को विस्तार देने और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता हेतु कलेक्टर रानू साहू की पहल पर जिले में वृहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर अक्टूबर माह से लगाए जाएंगे। कलेक्टर साहू ने स्वास्थ्य विभाग के साथ सीईओ जनपद तथा अन्य संबंधित विभागों को इसके लिए आवश्यक तैयारियों में जुटने के निर्देश आज समय-सीमा की बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भी सेवाएं ली जाएं। जिस ग्राम में यह शिविर आयोजित हो उसके आस-पास के गांवों के लोग भी इसका फायदा उठा सकेंगे। कलेक्टर साहू ने शिविर की रूप रेखा पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि शिविर दिनांक से पहले संबंधित गांव के साथ आस-पास के गांवों का मितानिनों से हेल्थ सर्वे करवाएं। जिससे गंभीर रूप से बीमार और दिव्यांगों की पहचान हो सके और उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

कलेक्टर साहू ने समय-सीमा की बैठक में शासकीय योजनाओं की प्रगति के साथ विभागीय काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने पिछले दिनों भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार विभागीय कार्यों का पूरी गंभीरता से क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी फ्लैगशिप योजनाओं के प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं की ग्रामवार जानकारी तैयार की जाए। जिससे हितग्राहियों को मिल रहे लाभ और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की जानकारी अद्यतन रहे।

कलेक्टर साहू ने भूमिहीन श्रमिकों के किश्तों के भुगतान के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि हितग्राहियों को किश्तों का भुगतान हो रहा है। कुछ हितग्राही जिनके खातों में त्रुटि है उसे सुधार के लिए भेजा गया। कलेक्टर साहू ने ऐसे त्रुटियों का जल्द सुधार कर हितग्राहियों का भुगतान करवाने के निर्देश सभी सीईओ जनपद को दिए। उन्होंने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट निर्माण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौठानों में खरीदी नियमित रुप से की जाए। उन्होंने कंपोस्ट निर्माण के भुगतान की भी समीक्षा की। कलेक्टर साहू ने मुख्यमंत्री मितान योजना के क्रियान्वयन को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि आवेदकों को समय पर उनके प्रमाण पत्र बनकर मिलने चाहिए। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए भी शिविर आयोजित करने के लिए कहा और साथ ही सभी गांवों में नवजात बच्चों के जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजीव युवा मितान क्लब का गठन करें पूर्ण, सदस्यों को जोड़ें रचनात्मक गतिविधियों से

कलेक्टर साहू ने राजीव युवा मितान क्लब के गठन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने शेष बचे क्लब्स का गठन पूरा कर सदस्यों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। आगामी छत्तीसगढ़ी ओलंपिक में भी उनकी सहभागिता की बात खेल अधिकारी से कही।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियों को लेकर भी दिए निर्देश

*स्थानीय और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने 06 अक्टूबर से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन होने जा रहा है। इसके संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर साहू ने सभी एसडीएम, सीईओ जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को खेल अधिकारी से समन्वय कर विभिन्न स्तर पर आयोजनों को तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसमें शामिल खेलों के लिए प्रतिभागियों के चयन व प्रतियोगिता का आयोजन करवाने में शिक्षा विभाग से खेल प्रशिक्षकों का सहयोग लेने के लिए कहा।*

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों को निराकृत करने के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर ने जनदर्शन के माध्यम से ग्रामीण जनों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज आर्थिक सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, मजदूरी भुगतान, पेंशन भुगतान, मुआवजा, बंटवारा, भूमि-विवाद, नामांतरण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त पेंशन, मजदूरी भुगतान, राजस्व संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेने, यथाशीघ्र जांच पूर्ण करने एवं समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

# अंडर 14 का ट्रायल संपन्न, अंतरिम टीम घोषित

### बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आदेशित अंडर 14 बालक क्रिकेट का ट्रायल संस्कार स्कूल कैम्पस में विगत दिवस संपन्न हुआ। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि चयनकर्ता पंकज बोहिदार आदि के द्वारा अंडर 14 के युवा खिलाडियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी में प्रदर्शन की जांच की गई। जिसके आधार पर 20 खिलाडियों की अंतरिम टीम घोषित की गई। जो इस प्रकार है। विकास बेडवाल, मिस्बाह जफर, अंकित मिश्रा, कृष्णा सिंह, हार्दिक वालेचा, विवेक वरदान दुबे, निखिल पटेल, कनिष्क कांबोज, शाहीन अख्तर, अंशुल सिंह, दैविक अग्रवाल, आदित्य त्रिपाठी, श्लोक चटर्जी, नैतिक शुक्ला, रुद्राक्ष सिंह, प्रिंस दत्ता, आदित्य त्यागी, अंकित बंजारे, अथर्व मंडल, अथर्व अनिरुद्ध त्रिपाठी शामिल है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर स्टैंड बाय के रूप में वरुण केडियाए सिद्धार्थ सेन गुप्ताए नमन अग्रवाल को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। चयनित खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। ट्रायल के दौरान जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, ओमप्रकाश मिरे, आसिफ खान, अमित कुंवर, अक्षय गुप्ता, सचिन चौहान आदि बड़ी संख्या में पालकगण एवं खिलाड़ी शामिल रहे।

30 से लगेगा फिटनेस कैंप सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 14 के युवा खिलाडियों को मार्गदर्शन देनेए स्किल डेवलपमेंट करने, फिटनेस सुधारने आदि के लिए फिटनेस कैंप लगाया जाएगा। संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बताया कि अंडर 14 के खिलाडियों हेतु 30 सितंबर से प्रातरू 7 बजे से 9 बजे तक फिटनेस कैंप संस्कार पब्लिक स्कूल स्थित क्रिकेट एकेडमी में चलाया जाएगा। आनेवाले दिनों में अंडर 16 के खिलाडियों का ट्रायल होने के पश्चात चयनित खिलाड़ी भी इस फिटनेस कैंप में शामिल हो जाएंगे। इसके लिए सीण्केण् नायडू ट्रॉफी में मध्यप्रदेश टीम के कप्तान रहे वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार को कोच के रूप में चुना गया है।

# ब्लड डोनेशन मेगा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने किया ब्लड डोनेट

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत भारतीय डाक विभाग द्वारा आज रायगढ़ के पंचायती धर्मशाला में सेवा ब्लड बैंक एवं चिकित्सक टीम रायगढ़ के सहयोग से ब्लड डोनेशन मेगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधीक्षक डाकघर श्री सरजीत सरकार के द्वारा किया गया। इस मौके पर सर्वश्री वीरेन्द्र गोड़, विकास मेहर, विमल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, प्रवीण बंसल एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डाक सुविधा का लाभ लेने पहुंचे ग्राहकों को भी जागरूक किया गया। आगामी 30 सितम्बर 2022 को प्रधान डाकघर रायगढ़ संभाग के समस्त डाकघरों में सुकन्या समृद्धि महोत्सव मनाया जाएगा।

इस मौके पर सर्वश्री सरजीत सरकार, शशांक शेखर तिवारी, दामोदर साहू, ओमप्रकाश सिंह, प्रदीप, राजेश चौधरी, यशपाल सिंह जांगड़े, फनेन्द्र शर्मा, निखिल गोपाल, रूद्रेश सा, कुबेर नायक, बोधिराम यादव, टिकेश्वर साहू, तुषार दुबे, विवेक रंजन तिवारी, प्रेमलाल नायक, राजेश राठौर, सुरेश रात्रे, श्री बीभय राज, प्रवीण कुमार, संगम शुक्ला, छत्र कुमार साहू, सुनील कुमार टंडन, हेमंत पटेल, मिनकेतन पटेल, प्रकाश नायक, इंद्रजीत यादव, रेवती साहू, जय किशन नागवंशी, विनय कुमार दास, मधुसूदन, नारायण नायक, अनूप श्रीवास्तव व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा ब्लड डोनेट किया गया।

## एक नजर

### पोषण देखरेख पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 29 सितम्बर को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों की अस्थायी रूप से पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण देखरेख कार्यक्रम के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 29 सितम्बर 2022 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रात:10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

### जिले में 1156.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 सितम्बर तक 1156.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1384.1 मिली मीटर, पुसौर में 1438.4, खरसिया में 1127.5, सारंगढ़ में 1344.9, बरमकेला में 1033.8, घरघोड़ा में 921.9, तमनार में 1196.5, लैलूंगा में 1170.7, धरमजयगढ़ में 1079.4, सरिया में 1100.2 एवं छाल में 927.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्राथमिक शाला छिरोटोली में अध्यापन कार्य के लिए दो सहायक शिक्षक को किया आदेशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ फरसाबहार के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर फरसाबहार विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला छिरोटोली में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु दो सहायक शिक्षकों को आदेशित किया हैं। जिसके अंतर्गत् शासकीय प्राथमिक शाला लकराघरा की सहायक शिक्षक एलबी अंजलीना एक्का एवं शासकीय प्राथमिक शाला घुड़ाजोर की सहायक शिक्षक एलबी जगेश्वरी पैंकरा शामिल हैं। उक्त सहायक शिक्षक विद्यालय में नियमित सहायक शिक्षकों के पदस्थापना होने अथवा शिक्षा सत्रांत 2022-23 तक के लिए अध्यापन कार्य संपादित करेंगें।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु 29 एवं 30 सितम्बर को साक्षात्कार आमंत्रित

विस्तृत जानकारी हेतु जिले के वेबसाइट का किया जा सकता है अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद के दिशा निर्देशन में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा में संविदा भर्ती के तहत विभिन्न विषयों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 29 एवं 30 सितम्बर 2022 तक साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद के लिए 29 सितम्बर एवं प्रधान पाठक प्राथमिक व माध्यमिक शाला, कम्प्यूटर शिक्षक, ग्रंथपाल, व्यायाम शिक्षक और सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद के लिए साक्षात्कार 30 सितम्बर 2022 को प्रात: 11 बजे से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में शामिल हो सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### शासकीय प्राथमिक शाला छिरोटोली में पदस्थ दोनों सहायक शिक्षकों को किया गया निलंबित

दो सहायक शिक्षकों को शाला में अध्यापन कार्य हेतु किया गया आदेशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फरसाबहार द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला छिरोटोली के शिक्षकों की शराबखोरी के संबंध में मिली शिकायत का जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला छिरोटोली में पदस्थ दोनों सहायक शिक्षकों के विरूद्ध प्राप्त शिकायत प्रथम दृष्ट्या सही पाया गया। इस कारण दोनों सहायक शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया गया है एवं उनके स्थान पर फरसाबहार के 02 सहायक शिक्षकों को शासकीय प्राथमिक शाला छिरोटोली में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आदेशित किया।

# फ्लाईएश का समुचित निपटान पॉवर प्लांट्स की जिम्मेदारी-कलेक्टर

### प्लांट्स को देनी होगी उत्पादित फ्लाईएश की मात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के पॉवर प्लांट्स के प्रतिनिधियों की फ्लाईएश निपटान के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईएश का समुचित निपटान पॉवर प्लांट्स की जिम्मेदारी है। उन्हें गाईड लाईन्स के अनुसार निर्धारित स्थानों और तरीकों से ही फ्लाईएश का निपटान करना है, ऐसा नहीं किए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर साहू ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि उनके प्लांट में प्रतिदिन उत्पादित फ्लाईएश की मात्रा, निपटान के लिए परिवहन करने वाले वाहनों की जानकारी तथा किस विधि द्वारा फ्लाईएश का निपटान संबंधित प्लांट द्वारा किया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने इसकी मॉनिटरिंग के लिए

### मॉनिटरिंग के लिए कमेटी गठित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

एक कमेटी गठित करने के निर्देश पर्यावरण अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर साहू ने प्लांट प्रतिनिधियों से कहा कि जिले में फ्लाईएश के समुचित तरीके से निपटान नहीं किए जाने की लगातार शिकायतें आ रही है। यह पॉवर प्लांट्स को सुनिश्चित करना है कि उनके यहां उत्पादित फ्लाईएश का सही तरीके से निपटारा हो। उन्होंने कहा कि उत्पादित किए जा रहे फ्लाईएश के साथ उसे निपटान के लिए किन वाहनों से भेजा जा रहा है यह जानकारी देनी होगी। संबंधित वाहन में जीपीएस लगा हुआ हो, जिससे उसकी ट्रेकिंग की जा सके। फ्लाईएश का निपटान यदि भूमि भराव के द्वारा किया जा रहा है तो उसके लिए एनओसी प्राप्त निर्धारित जगहों पर ही उसे डंप किया जाए। परिवहन के दौरान वाहन निर्धारित क्षमता में ही फ्लाईएश पूरी तरीके से ढंककर ले जाए। भूमि भराव पूर्ण होने के पश्चात उसके ऊपर उपजाऊ मिट्टी की परत भी बिछानी है तथा वहां प्लांटेशन भी करना है। भूमि भराव के अलावा यदि फ्लाईएश का उपयोग ईंट निर्माण के लिए भी किया जा रहा है तो उसकी भी पूरी जानकारी देनी होगी, साथ ही बताना होगा कि संबंधित एजेंसीज के पास फ्लाईएश ईंट निर्माण के लिए सारी अनुमतियां है। उन्होंने कहा कि फ्लाईएश के निपटान पर लापरवाही करने पर प्लांट्स, ट्रांसपोर्टर्स के ऊपर नियमानुसार प्रति टन के हिसाब से पेनाल्टी लगाया जाएगा।

### ट्रांसपोर्टरों की भी होगी जिम्मेदारी

*कलेक्टर साहू ने सभी पॉवर प्लांट्स प्रतिनिधियों से कहा कि अपने ट्रांसपोर्टर्स को सेंसिटाईज करें कि तय मात्रा में ही निर्धारित स्थान पर ही फ्लाईएश डंप किया जाना है। उन्होंने कहा कि परिवहन करने वाली गाड़ियों में गेट पास के साथ सारे जरूरी दस्तावेज होने चाहिए। जिन वाहनों की सूची पॉवर प्लांट्स द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी, उसके अतिरिक्त दूसरे वाहन में फ्लाईएश का परिवहन करते पाये जाने पर उस पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को अगले एक हफ्ते में यह सारी कार्ययोजना व्यवस्थित करने के निर्देश बैठक में दिए।*

# नपाध्यक्ष ने बांटे 17 दिव्यांग हितग्राहियों को ट्रायसिकल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



* व्हील चेयर पाकर बच्चों के खिले चेहरे, खुशी देख माता पिता के हुई आंखें नम
* समाज एवं कल्याण विभाग के योजनाओं का मिला लाभ

नगर पालिका परिषद में 17 दिव्यांगों को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं पार्षदों ने मोटराइज्ड ट्रायसिकल, व्हील चेयर और ट्रायसिकल वितरण किया गया। ट्रायसिकल और व्हील चेयर पाकर बच्चों के चहरे खिल उठे। समाज एवं कल्याण विभाग के अंतर्गत 17 दिव्यांगों को नगर पालिका परिसर में मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, सभापति व पार्षद बबलू हरपाल, हफीज कुरेशी, लता कैलाश चंद्राकर, गोलू मदनकार, एरिश अनवर, समाज एवं कल्याण विभाग के उप संचालक संगीता सिंह, उपकरण शाखा प्रभारी एपी द्विवेदी ने महासमुंद जिले के अलग अलग ग्रामीण इलाकों से पहुंचे दिव्यांग बच्चों, युवा और बुजुर्गो हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, व्हील चेयर का वितरण किया। इस दौरान व्हील चेयर पाकर बच्चों के चहरे खिल उठे। वहीं बच्चों की खुशी देख कर माता पिता के आंखें भर आई। इस मौके पर रामाडबरी की रहनेवाली 12वीं की छात्रा करीना सोनटेक को छात्रवृत्ति और दिव्यांग पेंशन नहीं मिलने के जानकारी मिली। जिस पर नपाध्यक्ष महिलांग ने तत्काल उप संचालक संगीता सिंह से चर्चा की और छात्रवृत्ति और पेंशन योजना का लाभ दिलाने को कहा। उप संचालक ने बताया किए छात्रवृत्ति के लिए कार्यवाही शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा किए दिव्यांग पेंशन शासन के गाइडलाइन के आधार पर तय किया जाता है। पात्रता होगी तो जरूर पेंशन दिया जाएगा। रायतुम के 60 वर्षीय भागीरथी खड़िया को ट्रायसिकल, सरेकेल के 45 वर्षीय सुरेश ध्रुव को ट्रायसिकल, ग्राम तुरेंगा के 58 वर्षीय मोहन दीवान को मोटराइज्ड ट्रायसिकल वितरण किया गया। ऐसे ही सरेकेल के सात वर्षीय पोखराज पटेल, बरेकेल 10 वर्षीय संदीप कुमार भास्कर, कोलपदर से 17 वर्षीय गुलशन कुमार, सिंघोरी के 15 वर्षीय टोनिस साहूए ग्राम अमोरी के 36 वर्षीय राधा, ग्राम रायतुम के 9 वर्षीय गीतू पटेल, जोबाकला के युवराज दीवान, ढांक के 20 वर्षीय लीलाधर नायक, रायतुम के 25 वर्षीय भारत कुमार खड़िय, अमोरा के 12 वर्षीय तारिणी साहूए सरेकेल के 45 वर्षीय चितरेखा दीवान, फरफौद की 45 वर्षीय दुलारी बाई यादवए तथा रायतुम के 10 वर्षीय कमलेश प्रधान को नपाध्यक्ष महिलांग ने उपकरणों का वितरण किया।

# लोकसभा सांसद गोमती साय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवालए सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। सांसद गोमती साय ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना है। साय ने सभी जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर सहित समस्त जिला प्रशासन को केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य की योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। इस हेतु सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए मिल जुल कर कार्य करें। साय ने कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन के साथ जनता की भलाई तथा क्षेत्र के विकास के काम को प्राथमिकता दें। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन. शहरी एवं ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समेकित बाल विकास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मिड.डे मील,प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।



साय ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति की समीक्षा करते हुए कुनकुरी, तपकरा, लवाकेरा मार्ग एवं कुनकुरी पत्थलगांव मार्ग की सड़को की स्थिति में जल्द से जल्द सुधार करने, यथास्थानो में गड्ढे का भराव एवं मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो को भी शीघ्रता से पूरा कराने की बात कही। उन्होंने सड़को की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। शिक्षा विभाग के योजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने विभाग की कार्य प्रणाली को दुरुस्त करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजने, विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने विभिन्न पेंशन योजना के हितग्राहियों को समय पर पेंशन भुगतान करने एवं पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु बीसी सखी, व्हीएलई की सहायता से पेंशन भुगतान कराने की बात कही। जिससे वे ग्रामीणों के घर-घर जाकर हितग्राहियों को पेंशन भुगतान कर लाभ पहुंचा सके। साय ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों में जागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने रबी फसल की तैयारी हेतु सरसों, गेहूं सहित अन्य फसलों के उन्नत किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध कराने के लिये कहा। समेकित बाल विकास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में कुपोषण के स्तर में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं, को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूकता लाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने सांसद साय को जिले में आमजनों के हित के लिए वर्तमान में किये जा रहे अभिनव प्रयासों एवं कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में एनीमिया एवं कुपोषण स्तर में कमी लाने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार कर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

सभी स्कूल, आंगनबाड़ी, हॉस्टल.आश्रम सहित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयरन टेबलेट का प्राथमिकता से सेवन कराया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण स्तर पर एनिमिक महिलाओं गर्भवती महिलाओं शिशुवती माताओं को भी आयरन टेबलेट के साथ ही गर्म पका भोजन, रेडी टू ईट एवं पूरक पोषण आहार प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले में एनिमिया मुक्ति हेतु रात्रि चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि सभी नगरीय निकाय में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सभी वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां वार्ड की समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि सभी विकास खंडों के गौठानों में मल्टी एक्टिविटी गतिविधियां संचालित कर ग्रामीण एवं महिलाओं को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक विकासखण्ड के दो गौठानो को ग्रामीण औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अग्रवाल ने बताया कि किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु किसान संगठन एफ्पीओ का गठन किया गया है। किसान एफपीओ के माध्यम से भी उन्नत किस्म के बीज व खाद का क्रय कर सकते है। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों से एफपीओ को बढ़ावा देने, योजना का प्रचार-प्रसार करने एवं किसानों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। सीईओ जिला पंचायत यादव ने बताया कि जिले में मनरेगा के तहत सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्य स्वीकृत कर अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। जिले में किसानों के जमीन का समतलीकरण के साथ ही कुंआए डबरीए तालाब निर्माण हाने से किसानों को आय का अतिरिक्त जरिया प्राप्त होगा।

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने बागबहार में विदेशी मदिरा किया जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में विगत दिवस आबकारी विभाग द्वारा बागबहार गांधी चौक स्थित एक मकान की विधिवत तलाशी लेकर 48 पाव मैकडावल नं, व्हिस्की मात्रा 8.640 लीटर एवं 06 बोतल किंगफिशर बीयर मात्रा 3.900 लीटर अन्य प्रांत उड़ीसा की विदेशी मदिरा जप्त किया गया है। साथ ही आरोपी को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर कार्यवाही किया जा रहा है।

### सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं परियोजना अधिकारी, पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर अभिकरण जशपुर का प्रभार क्षेत्र संयोजक घुनाथ राम को सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना प्रशासक बीके राजपूत ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के क्षेत्र संयोजक रघुनाथ राम को विगत दिवस से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं परियोजना अधिकारी, पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर अभिकरण जशपुर के समस्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए सौंपा है। बीके राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया है कि उपायुक्त पद पर पदोन्नति उपरान्त उनकी पदस्थापना परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना जशपुर की गई है। राजपूत को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर विकास अभिकरणए जशपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक सामग्री क्रय हेतु की गई निविदा निरस्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार दवाई, चिकित्सकीय उपकरण, प्रयोगशाला रसायन, आवश्यक सामग्री एवं लॉजिस्टिक के लिए निर्माता फ र्म अथवा अधिकृत विक्रेताओं से निविदा आमंत्रित की गई थी। जिससे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है।

### डॉ.भंवर सिंह पोर्ते, आदिवासी सेवा सम्मान वर्ष-2022 पुरस्कार के लिए 29 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग जशपुर द्वारा डॉ. भंवर सिंह पोर्ते, आदिवासी सेवा सम्मान वर्ष.2022 पुरस्कार के लिए 29 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। डॉ. भंवर सिंह पोर्ते, आदिवासी सेवा सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासियों की सेवा एवं उनके आर्थिक उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली किसी एक स्वैच्छिक संस्था को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया जाता है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### आयुष विभाग में योगा वेलनेस सेंटर प्रारंभ

**रायगढ़** । जिला मुख्यालय रायगढ़ में योगा वेलनेस सेंटर की स्थापना की गयी है। यह सेंटर शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, रायगढ़ के परिसर में संचालित है। जिसमें विभिन्न रोगों के निवारण एवं स्वस्थ संरक्षण हेतु योगा अभ्यास योग चिकित्सक के मार्गदर्शन में कराया जाता है। योगाभ्यास मार्गदर्शन हेतु एक योग चिकित्सक एवं एक योगा सहायक की नियुक्ति की गई है। अभी योग सेंटर में प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक जनसामान्य हेतु नि:शुल्क योगाभ्यास कराया जाता है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आने वाले में बाह्य रोगी विभाग ओपीडी मरीजों को योग परामर्श हेतु प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक योग चिकित्सक उपलब्ध रहते है।

## मुठभेड़ में एक नक्सली को लगी गोली, जिला अस्पताल में जारी है उपचार

**बीजापुर** । जिले के थाना आवापल्ली क्षेत्र अंतर्गत चिलकापल्ली-टेकमेटला के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मंगलवार की दोपहर को हुई मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली लगी है। घायल नक्सली की शिनाख्त रायगुड़ा मिलिशिया सदस्य मुचाकी भीमा के रूप में हुई है। जवानों के द्वारा सर्चिंग के दौरान मौके से जिलेटीन, कार्डेक्स वायर एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीआरजी, एसटीएफएवं सीतापुर कैम्प से केंद्रीय रिजर्व पुलिस 229 की संयुक्त टीम नक्सली अभियान पर टेकमेटला की ओर निकली थी।

इस बीच जवानों को अपनी ओर आता देख नक्सलियों ने फायरिंग कर दिया, जवानों के जवाबी कार्रवाई से नक्सली भाग खड़े हुए। घायल नक्सली भागने की कोशिश में था, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल आवापल्ली के सुदूर जंगल में होने के कारण जानकारी मिलने देरी हुई।

एसडीओपी तिलेश्वर सिंह यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली लगी है।

## अग्रवंश के पुरोधा महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकली शोभा यात्रा

जोहार छत्तीसगढ़-कुड़ेकेला।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुड़ेकेला में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम अग्रवंश के पुरोधा अग्रसेन महाराज की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। अग्रसेन समिति कुड़ेकेला द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में बच्चों को बच्चों को झांसी की रानी, छत्तीसगढ़ महतारी, मैगी,






मधुमक्खी,मीरा एके रूप में कार्यक्रम में लाया गया और भी बहुत सारे खेल जिसमे आंख बंद करके मेकअप करना प्रश्न उत्तर खेल सुई धागा खेल और भी बहुत सारे खेल समिति व्दारा रखे गए थे। बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। शोभा यात्रा हनुमान मंदिर मांझापारा से आरंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए गायत्री मंदिर परिसर तक पहुंची जहां समिति द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी इस पूरे कार्यक्रम में ग्राम के समस्त अग्रबन्धुओ ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं सामाजिक एकता का परिचय दिया।

# कलेक्टर को सीएमओ का पत्र, पार्षद पवन पटेल को पदच्युत करें

पूर्व पार्षद पंकज साहू ने मुख्य सचिव छग शासन से की शिकायत, सीएमओ पर की जाए दण्डात्मक कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासंमुन्द।

नगर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासंमुन्द जिला कलेक्टर से वरिष्ठ हो गए हैं जिसका ताजा उदाहरण प्रकाश में आया है। राज्य शासन के द्वारा पालिका को आर्थिक क्षति पहुंचाने के मामले में पवन पटेल पार्षद व सभापति जल विभाग को 05 वर्ष से अनधिक समय के लिए पार्षद/अध्यक्ष के निर्वाचन मनोनयन के लिए अयोग्य करने का आदेश 12 सितंबर 2022 को



जारी किया है। आदेश की कापी सी एम ओ को 21 सितंबर 2022 को प्राप्त हुआ है जिसकी प्रतिलिपी कलेक्टर एवं पार्षद को भी प्रेषित किया गया है उक्त आदेश के अनुपालन में पंकज साहू पूर्व पार्षद व समाजसेवी के द्वारा 22 सितंबर 2022 को अध्यक्ष, सीएमओ तथा अवर सचिव को पत्र प्रस्तुत कर पार्षद व सभापति पद से पृथक रखने की मांग किया जिस पर सी एम ओ के द्वारा उसी दिन कलेक्टर को शासन की आदेश की प्रति संलग्न कर कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया है।

जबकि नियमानुसार पालिका के प्रमुख अधिकारी सीएमओ हैं और उन्हें शासन के आदेश का क्रियान्वयन करना चाहिए और पार्षद को पद मुक्त की सूचना देकर कलेक्टर व निर्वाचन आयोग तथा विभाग को सूचित करना चाहिए परंतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा जानबूझकर पार्षद को अनुचित लाभ पहुचाने की मंशा से नियम विरुद्ध अपने वरिष्ठ और विहित अधिकारी कलेक्टर को कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया जाना उनके प्रशासनिक क्षमता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। इसकी शिकायत पंकज साहू के द्वारा 27 सितंबर 2022को मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन व सचिव नगरीय प्रशासन मंत्रालय रायपुर एवं जिला कलेक्टर को किया है जिसमें साहू ने सी एम ओ के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग किया है।

# किसानों ने घेरा कलेक्टोरेट, एक एक दाना धान खरीदने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासंमुन्द।

बागबाहरा ब्लॉक के किसानों ने राज्य शासन से खरीफवर्ष 2022.23 में किसानों का एक.एक दाना धान खरीदने की मांग करते हुए मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया।

मांगों के संबंध में कलेक्टर से चर्चा करने किसान कलेक्टोरेट कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ही नारेबाजी करते हुए बैठ गए। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम तैयार ज्ञापन में कहा है कि प्रति एकड़ 22 से 25 क्विंटल उपज की पैदावार होती है और शासन द्वारा 14.80 क्विंटल धान की खरीदी की जाती है। जिससे किसानों को



अपनी बचत उपज औने.पौने दाम में कोचियों और मिलरों को बेचना पड़ता है जिससे आर्थिक नुकसान होता है। राज्य सरकार से किसानों का प्रत्येक दाना धान खरीदने की मांग और भाजपा सरकार के कार्यकाल में दो वर्ष के बकाया बोनस को सरकार बनने पर दिए जाने की घोषणा चुनाव में की गई थी जिसे पूरा करने की मांग की है। मांग करने वालों में रवि फरफौदिया, ओमकुमार साहू, धनंजय साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### ये मांग भी उठाई किसानों ने

किसानों ने गरियाबंद स्थित सिकासेर बांध से क्षेत्र में पानी देने बागबाहरा क्षेत्र में नकली दवाई की हो रही बेधड़क बिक्री पर भी रोक लगाने की मांग भी की है।

# दैत्यों के संहार हेतु प्रगटी मां चंद्रघंटा-अरविन्द तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

दैत्यों के संहार एवं धर्म की रक्षा और संसार से अंधकार मिटाने के लिये मां दुर्गा अपनी तीसरी शक्ति चंद्रघंटा के रूप में प्रकट हुई। दुर्गा मां की तीसरी शक्ति का नाम ही चंद्रघंटा है। आज नवरात्रि के तीसरे दिन इसी देवी की पूजा आराधना की जाती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि इसका शस्त्र कमल है और सवारी सिंह है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिये कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र होने के कारण इसे चंद्रघंटा कहा गया है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्जवल है इनके दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि विभिन्न प्रकार के शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका




यह स्वरूप परम शक्तिदायी और तेजपूर्ण है।

तीसरे दिन देवी की उपासना आराधना भयमुक्ति और साहस की ओर ले जाता है। माँ तंत्र साधना में मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती है और ज्योतिष में इनका संबंध मंगल ग्रह से है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिये उद्यत रहने की होती है। मन कर्म और वचन के साथ समर्पणता से विधि विधान के अनुसार परिशुद्ध पवित्र होकर चंद्रघंटा देवी की उपासना आराधना करने से मनुष्य सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद का अधिकारी बन सकता है। इनकी कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधायें विनष्ट हो जाती हैं।इनकी आराधना फ लदायी है। इनके उपासक सिंह की तरह पराक्रमी और निर्भय हो जाता है। इनके घंटे की ध्वनि अपने भक्तों को प्रेतबाधा से रक्षा करती है।इनका ध्यान करते ही शरणागत की रक्षा के लिये इस घंटे की ध्वनि निनादित हृ उठती है। इनकी आराधना से संसार में यश, कीर्ति एवं सम्मान प्राप्त होता है। इनको लाल रंग का फूल और लाल सेव चढ़ायें।

### मां चंद्रघंटा की कथा

*पौराणिक काल में एक बार देव असुर संग्राम बहुत लम्बे समय तक चला। उस समय असुरों का स्वामी और सेनापति महिषासुर था। महिषासुर ने इंद्र आदि देवताओं को पराजित कर स्वर्ग के सिंहासन पर कब्जा कर स्वर्ग का राजा बन गया। युद्ध में हारने के बाद सभी देवता इस समस्या के निदान के लिये त्रिदेवों के पास गये। देवताओं ने भगवन विष्णु, महादेव और ब्रह्मा जी को बताया कि महिषासुर ने इंद्र, चंद्र, सूर्य, वायु और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिये हैं और उन्हे बंदी बनाकर स्वर्ग लोक पर कब्जा कर लिया है। देवताओं ने बताया कि महिषासुर के अत्याचार के कारण देवताओं को धरती पर निवास करना पड़ रहा है। देवताओं की बात सुनकर त्रिदेवों को अत्याधिक क्रोध आ गया और उनके मुख से ऊर्जा उत्पन्न होने लगी। इसके बाद यह ऊर्जा दशों दिशाओं में जाकर फैल गई। उसी समय वहां पर एक देवी चंद्रघंटा ने अवतार लिया। भगवान शिव ने देवी को त्रिशुल, विष्णु ने चक्र दिया। इसी तरह अन्य देवताओं ने भी मां चंद्रघंटा को अस्त्र शस्त्र प्रदान किये। इंद्र ने मां को अपना वज्र और घंटा प्रदान किया ए भगवान सूर्य ने मां को तेज और तलवार दिये। इसके बाद मां चंद्रघंटा को सवारी के लिये शेर भी दिय गया। मां अपने अस्त्र शस्त्र लेकर महिषासुर से युद्ध करने के लिये निकल पड़ीं। मां चंद्रघंटा का रूप इतना विशालकाय था कि उनके इस स्वरूप को देखकर महिषासुर अत्यंत ही डर गया। उन्होंने अपने असुरों को मां चंद्रघंटा पर आक्रमण करने के लिये कहा। सभी राक्षस युद्ध करने के लिये मैदान में उतर गये। मां चंद्रघंटा ने महिषासुर के सभी बड़े राक्षसों को मारकर अंत में महिषासुर का भी अंत कर दिया। इस तरह मां चंद्रघंटा ने देवताओं की रक्षा की और उन्हें स्वर्गलोक की प्राप्ति करायी।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in